# नेशनल प्रेस टाइम्स

नई दिल्ली, गुरुवार
06 फरवरी 2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 10, अंक : 320 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579





# दिल्ली की सभी 70 सीटों पर मतदानः मुस्तफाबाद सीट पर सबसे अधिक वोटिंग हुई

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए मतदान खत्म हो गया है। 13,766 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान हुआ। 699 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला ईवीएम में कैद हो गया है। अब 8 फरवरी को इनके भाग्य का फैसला होगा।

दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों में सबसे अधिक मतदान मुस्तफाबाद सीट पर हुआ। यहां शाम पांच बजे तक 66.68 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई। जबकि सबसे कम 47.40 फीसदी वोटिंग करोल बाग में हुई।

नई दिल्ली विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी और कांस्टेबल पंकज ने कहा, 'लोकतंत्र के पन्नों में दिल्ली का यह चुनाव स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा कि एक पुलिस वाला चुनाव लड़ रहा है। मैं दिल्ली में 40 सालों से हूं और मैं दिल्ली वालों की समस्याओं को भली-भांति जानता हूं। मेरा चुनाव चिन्ह जूता है और जूता एक ऐसा हथियार है जिसे देखकर भ्रष्टाचारी बहुत दूर भागता है।'

आप सांसद संदीप पाठक ने कहा, 'मैं दिल्ली के लोगों से बड़ी संख्या में बाहर आने और मतदान करने का आग्रह करता हूं। हमने विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में धीमी वोटिंग का मुद्दा उठाया है।'

उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री दयाशंकर सिंह ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 पर कहा, 'अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को धोखा दिया है। दिल्ली की जनता प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाना चाहती है... आज अरविंद केजरीवाल के कैंप में निराशा छा गई है और प्रचंड बहुमत से दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बन रही है।'

स्पेशल सीपी डीसी श्रीवास्तव ने कहा, 'अभी तक हमें पता चला है कि फर्जी वोटिंग के आरोप में 2 लोगों को हिरासत में लिया गया है, हम उन तथ्यों की जांच कर रहे हैं।'

सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनिल गौड़ ने कहा, '300-400 फर्जी वोटर उत्तर प्रदेश के लोनी से लाए गए हैं, मुझे ऐसा लग रहा है कि ये बांग्लादेशी हैं, इनमें महिला और पुरुष दोनों हैं। हमने ऐसे 25 लोगों को पकड़ा, यहां फर्जी वोटिंग हो रही थी। हमने इसे रोक दिया है। केजरीवाल फर्जी वोटिंग कर रहे हैं।'

उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा, 'कांग्रेस मजबूती से आगे बढ़ रही है। कांग्रेस ताकत के साथ (दिल्ली में) सरकार बनाएगी।

शेष पेज 2 पर







## पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थियों ने पहली बार किया मतदान

रेशमा उन 186 पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थियों में से एक हैं, जिन्होंने वर्षों की अनिश्चितता के बाद, दिल्ली विधानसभा चुनावों में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो राज्यविहीनता से नागरिकता तक की उनकी यात्रा में एक शक्तिशाली क्षण था।

दिल्ली के मजनू का टीला में एक मतदान केंद्र पर रेशमा ने बुधवार को गर्व की भावना के साथ इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का बटन दबाया और उनके चेहरे पर मुस्कान फैल गई। 50 वर्षीय महिला ने अपने जीवन में पहली बार सिर्फ एक उम्मीदवार चुनने के लिए नहीं, बल्कि अपने परिवार के भविष्य के लिए वोट डाला। रेशमा उन 186 पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थियों में से एक हैं, जिन्होंने वर्षों की अनिश्चितता के बाद, दिल्ली विधानसभा चुनावों में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो राज्यविहीनता से नागरिकता तक की उनकी यात्रा में एक शक्तिशाली क्षण था। **शेष पेज 2 पर**

## राघव चड्ढा का आरोप, रिलीवर को मतदान केंद्र में नहीं जाने दिया जा रहा, केजरीवाल बोले- ये तो हद हो गई

चड्ढा ने कहा कि मतदान केंद्र के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मी हमारे रिलीवर को अंदर नहीं जाने दे रहे हैं। अगर रिलीवर अंदर नहीं गया और हमारा पोलिंग एजेंट बाहर नहीं आया तो कितनी वोटिंग हुई? आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने बुधवार को आरोप लगाया कि मतदान केंद्रों के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मी उनके रिलीवर्स को मतदान केंद्र के अंदर नहीं जाने दे रहे हैं। चड्ढा ने दावा किया कि उन्हें नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के लगभग आधे बूथों पर ऐसी कई शिकायतें मिली हैं। उन्होंने कहा कि रिलीवर और पोलिंग एजेंट दोनों को पोलिंग एजेंट का दर्जा दिया जाता है।

**शेष पेज 2 पर**

## अधिग्रहीत जमीनों के मालिकों को मुआवजा देने का फैसला पिछली तारीख से लागू होगाः सुप्रीम कोर्ट



नयी दिल्ली । उच्चतम न्यायालय ने एक फैसले में कहा कि एनएचएआई अधिनियम के तहत जिन किसानों की जमीन अधिग्रहीत की गई थी, उन्हें मुआवजा एवं ब्याज देने की अनुमति देने वाला उसका 2019 का फैसला पूर्व-व्यापी प्रभाव से लागू होगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां की पीठ ने एनएचएआई की एक याचिका खारिज करते हुए यह फैसला दिया।


उच्चतम न्यायालय ने एक फैसले में कहा कि एनएचएआई अधिनियम के तहत जिन किसानों की जमीन अधिग्रहीत की गई थी, उन्हें मुआवजा एवं ब्याज देने की अनुमति देने वाला उसका 2019 का फैसला पूर्व-व्यापी प्रभाव से लागू होगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की एक याचिका खारिज करते हुए यह फैसला दिया।

**शेष पेज 2 पर**

# पीएम मोदी ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 के त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई, मां गंगा की पूजा-अर्चना की और सूर्यदेव को अर्घ्य भी दिया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच संगम में स्नान करते समय प्रधानमंत्री को पूरी बांह का केसरिया रंग का कुर्ता और नीले रंग का पायजामा पहने देखा गया।

उन्होंने रुद्राक्ष की माला से जाप भी किया। उनके गले में भी रुद्राक्ष की एक माला थी। उन्होंने दूध से मां गंगा मां अभिषेक किया और माला फूल चढ़ाकर गंगा आरती की। इसके बाद पुरोहितों ने प्रधानमंत्री के माथे पर चंदन का तिलक लगाया और उन्हें गंगा जल का आचमन कराया। प्रधानमंत्री ने मां गंगा को एक चुनरी भी अर्पित की।



स्नान और पूजा अर्चना के बाद काले रंग के कुर्ते और जैकेट तथा सफेद पायजामा के साथ ही हिमाचली टोपी पहने प्रधानमंत्री मोदी घाट से बाहर आये और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ कार में सवार होकर रवाना हो गए।

प्रधानमंत्री ने ह्यएक्सह्ल पर एक पोस्ट में कहा, ह्यह्यप्रयागराज महाकुंभ में आज पवित्र संगम में स्नान के बाद पूजा-अर्चना का परम सौभाग्य मिला। मां गंगा का आशीर्वाद पाकर मन को असीम शांति और संतोष मिला है। उनसे समस्त देशवासियों की सुख-समृद्धि, आरोग्य और कल्याण की कामना की।

हर-हर गंगे! प्रधानमंत्री ने अपने पोस्ट में संगम में डुबकी लगाते, सूर्यदेव को अर्घ्य देते, गंगा को प्रणाम करते और रुद्राक्ष की माला जपते हुए अपनी तस्वीरें भी साझा की। **शेष पेज 2 पर**

## पटना पहुंचे राहुल गांधी, फिर उठाई जातीय जनगणना की मांग, पीएम मोदी और आरएसएस पर लगाए बड़े आरोप



पटना । राहुल ने कहा कि दलितों को प्रतिनिधित्व तो दिया गया है लेकिन अगर सत्ता संरचना में भागीदारी नहीं है तो इसका कोई मतलब नहीं है। अगर मंच के पीछे से निर्णय लिए जाएं तो मंच पर बैठाने का कोई मतलब नहीं है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पटना में आरोप लगाया कि भारत के वर्तमान सत्ता तंत्र और संस्थाओं में दलितों तथा वंचितों की कोई भागीदारी नहीं है। उन्होंने कहा कि दलितों, अल्पसंख्यकों, समाज के कमजोर वर्गों की सटीक संख्या पता लगाने के लिए पूरे भारत में जाति आधारित जनगणना की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज भारत की सत्ता संरचना में, चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, कॉर्पोरेट हो, व्यापार हो, न्यायपालिका हो, आपकी भागीदारी कितनी है?

राहुल ने कहा कि दलितों को प्रतिनिधित्व तो दिया गया है लेकिन अगर सत्ता संरचना में भागीदारी नहीं है तो इसका कोई मतलब नहीं है।

**शेष पेज 2 पर**

# मुफ्त राशन ले रहे अपात्र लोगों की छंटनी की हो रही तैयारी

## आयकर विभाग की ली जाएगी मदद

नई दिल्ली। एक कार्यालय आदेश के अनुसार आयकर विभाग पीएमजीकेएवाई के तहत अपात्र लोगों को लाभार्थियों की सूची से हटाने के लिए अपने आंकड़ों को खाद्य मंत्रालय के साथ साझा करेगा। पीएमजीकेएवाई के तहत उन गरीब परिवारों को मुफ्त राशन दिया जाता है जो आयकर का भुगतान नहीं करते हैं।

सरकार ह्यप्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनाह्ल (पीएमजीकेएवाई) के तहत ऐसे लोगों के पहचान की तैयारी कर रही है, जो अपात्र होते हुए योजना का लाभ रहे हैं। खबर है कि ऐसे लोगों की पहचान के लिए अब आयकर विभाग की मदद ली जाएगी।



एक कार्यालय आदेश में कहा गया है कि आयकर विभाग पीएमजीकेएवाई के तहत अपात्र लोगों को लाभार्थियों की सूची से हटाने के लिए अपने आंकड़ों को खाद्य मंत्रालय के साथ साझा करेगा। पीएमजीकेएवाई के तहत उन गरीब परिवारों को मुफ्त राशन दिया जाता है जो आयकर का भुगतान नहीं करते हैं। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में पीएमजीकेएवाई के लिए 2.03 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो चालू वित्त वर्ष के 1.97 लाख करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान से अधिक है।

**शेष पेज 2 पर**

मिल्कीपुर | मिल्कीपुर में टूटा वोटिंग का रिकॉर्ड

# क्या बदल जाएगी इस सीट की सियासत

2025: मिल्कीपुर उपचुनाव में इस बार रिकॉर्ड मतदान हुआ है। पिछली बार की तुलना में इस बार अधिक वोटिंग हुई है।

आज दिल्ली में मतदान हो रहा हुआ। लेकिन बहुतों की नजर अयोध्या के मिल्कीपुर सीट पर भी टिकी हुई है। चुनाव आयोग के आकड़ों के अनुसार शाम पांच बजे तक 65% मतदान हुआ है। 2022 की तुलना में इस बार रिकॉर्ड टूट चुका है। सपा को 2022 में अयोध्या जिले में यहां एकमात्र जीत हासिल हुई थी। कयास लगाया जा रहा है इस बार लड़ाई काफी दिलचस्प रहने वाली है।

लोकसभा चुनाव में भाजपा के हाथ से अयोध्या जैसी महत्वपूर्ण सीट छीनने वाले अवधेश प्रसाद, जो 2022 में मिल्कीपुर से विधाय थे,



लेकिन सांसद बनने के बाद से यह सीट खाली हो गई थी। अब इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है, जो प्रदेश की राजनीति में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मिल्कीपुर उपचुनाव में सपा और भाजपा दोनों ही पार्टियां अपना पूरा जोर लगा रही हैं। बीजेपी ने इस बार मंत्रियों की पूरी फौज उतार दी है।

मिल्कीपुर उपचुनाव स्थानीय राजनीति के साथ-साथ यूपी के सियासत के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मिल्कीपुर के लोग यह चुनाव सिर्फ एक विधायक के चयन के रूप में नहीं देख रहे हैं, बल्कि यह चुनाव उनके भविष्य और प्रदेश की राजनीति में एक नए मोड़ का संकेत हो सकता है। बात दें कि 2027 में यूपी का चुनाव होना है।

**क्या है मिल्कीपुर सीट का सियासी गणित**-अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 3 लाख 70 हजार मतदाता हैं और इस बार के उपचुनाव में यहां से 10 उम्मीदवार मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी से अजित प्रसाद और बीजेपी से चंद्रभान पासवान चुनावी मैदान में हैं। वहीं बीएसपी ने उपचुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। मिल्कीपुर विधानसभा सीट एक आरक्षित सीट है।बीएसपी भले इस चुनाव में नहीं उतरी हो लेकिन बीएसपी का परंपरागत वोटर्स यहां जीत-हार में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। इस सीट पर दलित वोटर्स अधिक संख्या में हैं और जिस तरफ इनका झुकाव रहा उनका जीतना लगभग तय है

# असम के गुवाहाटी में आयोजित एडवांटेज असम 2.0 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे प्रधानमंत्री मोदी

एनपीटी ब्यूरो

असम :असम के गुवाहाटी में आयोजित एडवांटेज असम 2.0 शिखर सम्मेलन में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उपस्थित रहेंगे । यह बात आज बुधवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने घोषणा किया है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को लगभग शाम 5 बजे गुवाहाटी हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे और एडवांटेज असम 2.0 शिखर सम्मेलन सहित राज्य में आयोजित हो रहे झुमोर में भाग लेंगे । मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को झुमोर में भाग लेंगे और देखेंगे। 24 को झुमोर में भाग लेने के बाद 25 फरवरी को वह सुबह 11-30 बजे से दोपहर 1-30 बजे तक एडवांटेज असम सम्मेलन में भाग लेंगे । ₹ जानकारी के अनुसार इस अवसर पर प्रधानमंत्री के अलावा, कई केंद्रीय मंत्री भी गुवाहाटी में



आयोजित होने वाले एडवांटेज असम सम्मेलन में भाग लेंगे । मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने यह भी कहा, ₹ हालिया दिल्ली यात्रा के दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात किया था और माजुली-जोरहाट पुल ओर काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर के बारे में उनसे चर्चा किया था ।

# मनीष सिसोदिया ने पैसे बांटने का लगाया आरोप, पुलिस ने किया खारिज

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र से आप उम्मीदवार मनीष सिसोदिया के ट्वीट पर कहा कि भाजपा खुलेआम मतदाताओं को एक इमारत में ले जा रही थी और पैसे बांट रही थी। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने इसे खारिज कर दिया है।

दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए बुधवार को सुस्त मतदान के बीच, सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) और भाजपा के बीच तनाव बढ़ गया क्योंकि उन्होंने मतदान केंद्रों पर नकदी वितरण और मतदाता धोखाधड़ी के आरोप लगाए। दिल्ली में आम आदमी पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही है। वहीं, मौजूदा सरकार को सत्ता से हटाने का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा और राष्ट्रीय राजधानी में राजनीतिक पुनरुत्थान की उम्मीद कर रही कांग्रेस के बीच तीन-तरफा कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है।

जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र से आप उम्मीदवार मनीष सिसोदिया के ट्वीट पर कहा कि भाजपा खुलेआम मतदाताओं को एक इमारत में ले जा रही थी और पैसे बांट रही थी। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने इसे खारिज कर दिया है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि पैसे बांटने के आरोप प्रमाणित नहीं हो सके। स्थिति नियंत्रण में है और भ्रम दूर हो गया है। मनीष सिसोदिया की पुलिस के बहस भी हो गई। इस दौरान सिसोदिया के सामने ही मोदी-मोदा के नारे लगने लगे। हालांकि, पुलिस में माहौल को शांत कराने की कोशिश की।

# असम के कामरूप जिला उन्नयन समिति की बैठक सम्पन्न



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,** असमः असम के कामरूप जिले की उन्नयन समिति की बैठक आज रंगिया में सम-जिला आयुक्त कार्यालय के बैठक कक्ष में कामरूप जिला आयुक्त देव कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में और रंगिया निर्वाचन क्षेत्र के विधायक भावेश कलिता के उपस्थिति में आयोजित की गई। आज की बैठक में जन स्वास्थ्य तकनीकी विभाग के जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, अमृत सरोवर आदि योजना के साथ एपीडीसीएल, कृषि, शिक्षा, मत्स्य, पशुपालन और पशु चिकित्सा, जल संसाधन, लोक निर्माण (आवास और सड़कें), स्वास्थ्य, समाज कल्याण, वन आदि विभागों के तहत चल रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिला आयुक्त ने स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग को इस बारे में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया कि क्या असम-मेघालय सीमा पर निचले लांपी इलाके में शैक्षणिक और स्वास्थ्य संस्थानों में काम करने वाले सरकारी अधिकारी और शिक्षक नियमित रूप से अपनी ड्यूटी कर रहे हैं।

बैठक के दौरान, जिला आयुक्त ने वन विभाग को यह जांचने का भी निर्देश दिया कि क्या जिले में कहीं भी अवैध भूमि कटाई हो रही है। बैठक में कामरूप जिले के जिला उन्नयन आयुक्त सुशांत कुमार दत्ता, रंगिया के सम-जिला आयुक्त देबाशीष गोस्वामी और विभिन्न विभागों के प्रमुख शामिल हुए।

## पेज एक का शेष...

### दिल्ली की सभी 70 सीटों पर मतदानः मुस्तफाबाद सीट पर सबसे अधिक वोटिंग हुई

केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा, आज दिल्ली की जनता भ्रष्टाचार मुक्त सरकार के लिए मतदान करने निकली है। मैं मानता हूं कि पिछले 10 सालों में आप और अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में एक भी विकास का काम नहीं किया है। अब दिल्ली की जनता ने ठाना है कि आप को दिल्ली से भगाना है और भाजपा को लाना है।

दक्षिण पूर्व डीसीपी रवि कुमार सिंह ने कहा, हमें वहां (जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र) से एक शिकायत मिली थी कि भाजपा के चार टेबल लगे हुए हैं और कैश बांटा जा रहा है। हमने वहां जाकर देखा और पाया गया कि वहां पर चार टेबल लगे हुए थे, जिसमें से तीन टेबल अलग-अलग प्रत्याशियों की थीं-एक निर्दलीय के और दो अलग-अलग पार्टी के थे लेकिन उनका टेबल क्लॉथ एक जैसा था, इसलिए भ्रम की स्थिति बनी कि शायद चारों टेबल भाजपा की हैं।

इस पर एफएसटी की टीम ने भी रिस्पॉन्ड किया है और हमारे एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट ने उसका वेरिफिकेशन भी किया है और कैश बांटने के आरोप को भी वेरिफाई किया गया है। ऐसा कुछ नहीं पाया गया है। भ्रम दूर कर दिया गया है। अभी स्थिति सामान्य है और हमारी एक टीम वहां पर मौजूद है।

चाहे 100 वर्षीय रतनी देवी हो या 38 वर्षीय उनका पोता विनोद दोनों के चेहरे पर साफ झलक रही है मतदान करने की खुशी। तस्वीर दिल्ली के नजफगढ़ विधानसभा क्षेत्र के झाड़ौदा कलां गांव की है।

दिल्ली पुलिस ने कहा, "सुबह करीब 11:50 बजे जाफराबाद के आर्यन पब्लिक स्कूल मतदान केंद्र पर सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार ने अअढ उम्मीदवार के खिलाफ फर्जी मतदान का आरोप लगाया। इस मुद्दे पर कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के समर्थकों ने नारेबाजी शुरू कर दी। तत्काल ही अतिरिक्त स्टाफ के साथ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले को सुलझाया। स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस को कोई शिकायत नहीं मिली है।"

आप सांसद संजय सिंह ने कहा, "पूरी दिल्ली में वाल्मिकी समुदाय के लोगों को निशाना बनाया जा रहा है और गिरफ्तार किया जा रहा है। मैं अमित शाह और भाजपा से पूछना चाहता हूं कि उन्हें वाल्मिकी समुदाय से क्या दुश्मनी है। मैं वाल्मिकी समुदाय के लोगों से अपील करता हूं कि वे अपने घरों से बाहर आएं और वोट की ताकत से इन गिरफ्तारियों का जवाब दें।

आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा, रिलीवर और पोलिंग एजेंट दोनों को पोलिंग एजेंट का दर्जा दिया जाता है, लेकिन नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में कई जगहों से ऐसी शिकायतें आ रही हैं। लगभग आधे बूथों पर यह शिकायत आ रही हैं कि रिलीवर को अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। पोलिंग स्टेशन के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मी हमारे रिलीवर को अंदर नहीं जाने दे रहे हैं। अगर रिलीवर अंदर नहीं गया और हमारा पोलिंग एजेंट बाहर नहीं आया तो कितनी वोटिंग हुई? क्या उस पर कोई फर्जी वोटिंग या किसी तरह का विवाद था? ईवीएम ठीक से काम कर रही है या नहीं, ये सारी बातें आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आ सकतीं, इसलिए मैं पूरे प्रशासन से मांग करने आया हूं।

राघव चड्ढा ने कहा, हमने जिला निर्वाचन अधिकारी से भी बात की है, हमने उनसे अनुरोध किया है कि हमारे रिलीवर को अंदर जाने की अनुमति दी जाए। सभी के लिए एक समान अवसर होना चाहिए और जो मतदाता किसी भी पार्टी को वोट देना चाहता है, उसे उस पार्टी को वोट देने की अनुमति दी जानी चाहिए। अब अगर आखिरी दिन कोई हस्तक्षेप हुआ, कोई गुंडागर्दी हुई तो ये अच्छा नहीं है। हमने ये सारी बातें भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त, मुख्य चुनाव अधिकारी दिल्ली और डीएम, नई दिल्ली को भी लिखित रूप में दी हैं।

जिला चुनाव कार्यालय उत्तरी दिल्ली ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, "सैनिक विहार में एक पुलिसकर्मी द्वारा एक मतदाता को एक विशेष राजनीतिक दल के पक्ष में वोट डालने के लिए मजबूर करने की शिकायत के संदर्भ में शिकायत मिलने पर, फ्लाइंग स्क्वॉड (ऋ्रळ) को तुरंत उस स्थान पर भेजा गया। उस स्थान पर मौजूद राजनीतिक दलों के एजेंटों ने पुष्टि की कि सभी मतदाता मतदान केंद्र पर स्वयं वोट डाल रहे हैं और यह वीडियो पूरी तरह से झूठा है।"

बिजवासन विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कैलाश गहलोत ने परिवार के साथ मतदान किया। कैलाश गहलोत ने कहा, "मैंने भगवान का आशीर्वाद लिया और प्रार्थना की कि लोग इस बार जो बदलाव लाना चाहते हैं, उसमें सफल हों और मुझे पूरा विश्वास है कि लोग इस बार विकसित दिल्ली के लिए वोट देंगे। मैंने बार-बार कहा है कि आम आदमी पार्टी और उसके नेता, मंत्री, मुख्यमंत्री अपनी नैतिकता और सिद्धांतों से भटक गए हैं। उनका एकमात्र उद्देश्य किसी भी तरह से सत्ता हासिल करना है।

आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर पैसे बांटने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भाजपा जंगपुरा में मतदाताओं को सरेआम बिल्डिंग में ले जाकर पैसे बांट रही है। यह सब दिल्ली पुलिस और चुनाव आयोग की निगरानी में किया जा रहा है। आप ने चुनाव आयोग से इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी पैसे बांट रहा है।

### पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थियों ने पहली बार किया मतदान

इन सभी को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के तहत भारतीय नागरिकता मिल गई। पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी समुदाय के अध्यक्ष धर्मवीर सोलंकी ने उम्मीद जताई कि उनका संघर्ष कम होगा। उन्होंने कहा, "अब, हमें लगातार अपना स्थान नहीं बदलना पड़ेगा। हमें अंततः स्थायी घर और आजीविका का एक स्थिर साधन मिलेगा।" सोलंकी ने कहा कि हमारे समुदाय के लोग इतने उत्साहित थे कि वे शरणार्थियों के पुनर्वास कॉलोनी मजनू का टीला में मतदान केंद्र के बाहर कतार में खड़े थे।

चंद्रमा ने भावुक होते हुए कहा, "मैं यहां 17 साल से रह रही हूं, लेकिन आज पहली बार मुझे सचमुच ऐसा महसूस हो रहा है कि मैं हिंदुस्तान का हिस्सा हूं।" उन्होंने कहा, "लंबे संघर्ष के बाद अब मुझे उम्मीद है कि मेरे बच्चों को बेहतर जिंदगी मिलेगी। दशकों से, हजारों पाकिस्तानी हिंदू धार्मिक उत्पीड़न से भागकर भारत में शरण लेते रहे हैं। कई लोग दिल्ली के मजनू का टीला में बस गए, अस्थायी आश्रयों में रहने लगे और दैनिक मजदूरी का काम करने लगे।

पिछले साल 11 मार्च को, केंद्र सरकार ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 को लागू करने की घोषणा की, जिससे पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से बिना दस्तावेज वाले गैर-मुस्लिम प्रवासियों के लिए भारतीय नागरिकता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त हो गया, जो 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए थे। 23 वर्षीय मैना के लिए, जो मजनू का टीला में अपना वोट डालने के लिए फरीदाबाद से आई थीं, अनुभव बिल्कुल नया था।

### राघव चड्ढा का आरोप, रिलीवर को मतदान केंद्र में नहीं जाने दिया जा रहा, केजरीवाल बोले- ये तो हद हो गई

लेकिन नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में कई जगहों से ऐसी शिकायतें आ रही हैं. लगभग आधे बूथों पर यह शिकायत आ रही है कि रिलीवर को अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है।

चड्ढा ने कहा कि मतदान केंद्र के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मी हमारे रिलीवर को अंदर नहीं जाने दे रहे हैं। अगर रिलीवर अंदर नहीं गया और हमारा पोलिंग एजेंट बाहर नहीं आया तो कितनी वोटिंग हुई? क्या उस बूथ पर कोई फर्जी वोटिंग या किसी तरह का विवाद हुआ था? ईवीएम ठीक से काम कर रही है या नहीं, ये सारी बातें आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आ सकतीं। इस बात पर जोर देते हुए कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष होने चाहिए, चड्ढा ने कहा कि पार्टी जिला चुनाव अधिकारी के संपर्क में है और उनसे अनुरोध किया है कि वे अपने रिलीवर्स को मतदान केंद्रों के अंदर जाने की अनुमति दें। इसके अलावा, उन्होंने भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त, मुख्य चुनाव अधिकारी दिल्ली और डीएम, नई दिल्ली को लिखित रूप में अपने दावे प्रस्तुत किए हैं।

उन्होंने कहा कि इसलिए मैं पूरे प्रशासन से मांग करने आया हूं. हमने जिला निर्वाचन अधिकारी से भी बात की है, हमने उनसे अनुरोध किया है कि हमारे रिलीवर को अंदर जाने की अनुमति दी जाए। सभी के लिए समान अवसर होना चाहिए और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव होना चाहिए। जो मतदाता किसी भी पार्टी को वोट देना चाहता है उसे उस पार्टी को वोट देने की अनुमति दी जानी चाहिए। अब अगर कोई है। अंतिम दिन हस्तक्षेप हुई और अगर गुंडागर्दी हुई तो यह ठीक नहीं।

चड्ढा ने कहा कि हमने ये सारी बातें भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त, मुख्य चुनाव अधिकारी दिल्ली और डीएम, नई दिल्ली को भी लिखित रूप से दी हैं। इसी को लेकर अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि ये तो हद हो गई। रिलीवर को कैसे अंदर नहीं जाने दोगे? अंदर वाले बूथ एजेंट को अगर टॉयलेट जाना है तो क्या उसे बंदी बनाकर रखोगे? उसकी जगह रिलीवर तो जाएगा। ये तो मानवाधिकार का उल्लंघन है। आप बूथ एजेंट्स को बंदी बनाकर कैसे रख सकते हो?

### पीएम मोदी ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी

अधिकारियों ने बताया, ह्यह्यप्रधानमंत्री के दौरे में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। इसलिए कुछ क्षेत्रों में ही सुरक्षा प्रोटोकॉल को अनिवार्य किया गया और श्रद्धालु अन्य घाटों पर स्नान कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री बुधवार की सुबह अरैल घाट के पास बने हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर से पहुंचे और वहां से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उन्हें बोट से लेकर संगम पहुंचे जहां प्रधानमंत्री ने डुबकी लगाई। बोट से संगम की ओर जाते समय मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री से बातचीत करते हुए देखा गया। मेला क्षेत्र में भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

प्रधानमंत्री का महाकुंभ में आगमन ऐसे समय में हो रहा है जब दिल्ली में चुनाव और मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव हो रहे हैं। ये दोनों ही चुनाव महत्वपूर्ण हैं क्योंकि भाजपा ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी को सत्ता से हटाने के लिए जी जान लगा दी है, जबकि अयोध्या में मिल्कीपुर उपचुनाव में वह सपा को हराकर यह सीट अपने खाते में लाने के लिए प्रयासरत है।

इससे पूर्व, 13 दिसंबर, 2024 को अपनी प्रयागराज यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री ने श्रद्धालुओं को आवागमन को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से 5,500 करोड़ रुपये मूल्य की 167 परियोजनाओं का लोकार्पण किया था। प्रयागराज महाकुंभ में बुधवार को सुबह 10 बजे तक 10 लाख कल्पवासियों समेत 47.30 लाख लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। वहीं 13 जनवरी, 2025 से शुरू हुए महाकुंभ में मंगलवार तक 38.29 करोड़ से अधिक लोग संगम में स्नान कर चुके हैं।

### पटना पहुंचे राहुल गांधी, फिर उठाई जातीय जनगणना की मांग, पीएम मोदी और आरएसएस पर लगाए बड़े आरोप

अगर मंच के पीछे से निर्णय लिए जाएं तो मंच पर बैठाने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि आज अलग-अलग जाति के लोगों को टिकट देना एक फैशन बन गया है, ये बात पीएम मोदी भी कहते हैं। लेकिन फिर, आपने (पीएम मोदी) विधायकों की शक्तियां छीन लीं। यहां तक ??कि लोकसभा सांसदों के पास भी कोई निर्णय लेने की शक्ति नहीं है। आपने मंत्री बनाया लेकिन ओएसडी आरएसएस से है। सवाल नियंत्रण और भागीदारी का है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि हम अंबेडकर जी और जगलाल चौधरी जी के विचार और उसूलों की बात करते हैं। लेकिन सवाल है कि अंबेडकर जी और जगलाल चौधरी जी के जो विचार थे, वे कहां से आते थे? सच्चाई ये है कि.. दलितों के दिल में जो दुख और दर्द था, अंबेडकर जी और जगलाल चौधरी जी ने उस आवाज को उठाया था। उन्होंने कहा कि आज भारत के पॉवर स्ट्रक्चर- शिक्षा, स्वास्थ्य, कार्पोरेट या ज्यूडिशरी में दलित वर्ग की कितनी भागीदारी है? इखढ रिप्रेजेंटेशन की बात करती है, लेकिन भागीदारी के बिना रिप्रेजेंटेशन का कोई मतलब नहीं है।

उन्होंने कहा कि ये बिलकुल ऐसा ही है- जैसे मैंने आपके बीच में से पांच लोगों को स्टेज पर बैठा दिया, लेकिन उनके फैसले कहीं और से लिए जा रहे हैं। ऐसे में उन्हें स्टेज पर बैठाने का कोई मतलब नहीं है। मोदी सरकार में भी यही हो रहा है- आप लोगों को मंत्री बना देते हैं, लेकिन डरऊ तो फरर का होता है। उन्होंने कहा कि देश के बड़े मीडिया हाउस के मालिकों और मैनेजमेंट की लिस्ट निकालिए। उस लिस्ट में आपको एक भी दलित वर्ग का व्यक्ति नहीं मिलेगा, इसीलिए मीडिया में आपके मुद्दे नहीं दिखते हैं।

### मुफ्त राशन ले रहे अपात्र लोगों की छंटनी की हो रही तैयारी

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) को देश में कोविड-19 महामारी से हुए आर्थिक गतिरोधों के कारण गरीबों और जरूरतमंदों को होने वाली मुश्किलें कम करने के विशिष्ट उद्देश्य से शुरू किया गया था। हालांकि, सरकार ने पीएमजीकेएवाई के तहत मुफ्त खाद्यान्न वितरण की अवधि एक जनवरी, 2024 से पांच साल के लिए बढ़ा दी है। सीबीडीटी के अनुसार आयकर महानिदेशक (सिस्टम) को उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय में खाद्य वसार्वजनिक वितरण विभाग (डीएफपीडी) के संयुक्त सचिव को जानकारी देने का अधिकार होगा।

नई व्यवस्था के मुताबिक, डीजीएलटी (सिस्टम), नयी दिल्ली को डीएफपीडी कर निर्धारण वर्ष के साथ आधार या पैन नंबर उपलब्ध कराएगा। यदि पैन या दिया गया आधार आपस में जुड़े हैं तो डीजीआईटी (सिस्टम) आयकर विभाग के डेटाबेस के अनुसार निर्धारित आय के संबंध में डीएफपीडी को जवाब देगा। यदि लाभार्थी का आधार नंबर आयकर डेटाबेस में किसी भी पैन से नहीं जुड़ा है, तो डीजीआईटी (सिस्टम) इसकी सूचना डीएफपीडी को देगा। इस तरह के जवाब और सूचना के लेनदेन का तरीका डीजीएलटी (सिस्टम) और डीएफपीडी तय करेंगे।

आपस में आंकड़ों को साझा करने की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए डीजीआईटी (सिस्टम) डीएफपीडी के साथ एक एमओयू (समझौता ज्ञापन ) करेगा। एमओयू में आंकड़ों के अदान-प्रदान का तरीका, गोपनीयता, डेटा के सुरक्षित संरक्षण के लिए तंत्र, उपयोग के बाद उसे नष्ट करने के तरीके आदि का विवरण होगा।

### अधिग्रहीत जमीनों के मालिकों को मुआवजा देने का फैसला पिछली तारीख से लागू होगाः उच्चतम न्यायालय

एनएचएआई ने अपनी याचिका में 19 सितंबर, 2019 के उच्चतम न्यायालय के फैसले को भविष्य में लागू करने की मांग की थी।

प्राधिकरण ने उन मामलों को दोबारा खोलने पर रोक लगाने की मांग भी की थी जहां भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही पूरी हो चुकी थी और मुआवजे का अंतिम निर्धारण हो चुका था। पीठ ने अपने फैसले में कहा, हमें आवेदक की तरफ से रखी दलीलों में कोई दम नहीं दिखता है। हम 2019 के तरसेम सिंह मामले में मुआवजा और ब्याज की लाभकारी प्रकृति के बारे में स्थापित सिद्धांतों की पुष्टि करते हैं और विवेकपूर्ण विभेद के अभाव वाले अन्यायपूर्ण वर्गीकरण से बचने की जरूरत पर बल देते हैं। नतीजतन, हम वर्तमान आवेदन को खारिज करना उचित समझते हैं।

पीठ ने कहा, हालांकि, आवेदन में यह स्पष्टीकरण मांगा गया है कि तरसेम सिंह मामले में आए निर्णय को केवल भावी दृष्टि से लागू माना जाए। लेकिन हमारी राय में ऐसा स्पष्टीकरण देने से तरसेम सिंह निर्णय से दी जाने वाली राहत प्रभावी रूप से खत्म हो जाएगी। इस निर्णय को भावी रूप से लागू करने पर स्थिति वैसी ही हो जाएगी जैसी निर्णय के पहले थी।

पीठ ने उदाहरण देते हुए कहा कि 2019 के निर्णय को भावी रूप में प्रस्तुत किया जाता है, तो एक भूस्वामी की जमीन 31 दिसंबर, 2014 को अधिग्रहीत होने की स्थिति में वह मुआवजा और ब्याज के लाभ से वंचित हो जाएगा। वहीं एक दिन बाद एक जनवरी, 2015 को अगर किसी किसान की जमीन अधिग्रहीत हुई थी तो वहवैधानिक लाभ पाने का हकदार होगा। पीठ ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि उसके 2019 के निर्णय का अंतिम परिणाम केवल उन पीड़ित भूमि स्वामियों को क्षतिपूर्ति और ब्याज देने तक सीमित था, जिनकी भूमि 1997 और 2015 के बीच एनएचएआई ने अधिग्रहीत की थी। इसने किसी भी तरह से उन मामलों को फिर से खोलने का निर्देश नहीं दिया था जो पहले ही अंतिम रूप ले चुके थे।

# बड़ौत ब्लॉक में लगे रक्तदान शिविर 70 लोगों ने किया ब्लड डोनेट

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत। बडौत के खंड विकास कार्यालय परिसर में बीडीओ व ब्लाक प्रमुख के सौजन्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

वहीं विभिन्न तरह की जांच भी चिकित्सकों द्वारा की गई। जन जीवन कल्याण समिति शामली द्वारा संचालित बड़ौत चैरिटेबल ब्लड सेंटर मेडिसिटी हॉस्पिटल की टीम ने भागीदारी की। शिविर में नगर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बीडीओ ज्योतिबाला चावला ने इस मौके पर




बताया कि इस तरह के शिविरों के माध्यम से परोपकारी लोग आगे आते हैं। चिकित्सकों की टीम में ब्लड बैंक की ओर से से डॉक्टर आदित्य पांडेय, डायरेक्टर गौरव जोशी, रविन्द्र सुपरवाईजर व टेक्निशियन शामिल रहे। रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

शिविर में 70 लोगों ने ब्लड डोनेट किया जबकि 157 लोगों की आंखों की जांच की गई। शिविर में भू दृष्टी फाउंडेशन की टीम से कुसुम चौहान, नीरज तोमर ,खंड विकास अधिकारी ज्योति बाला चावला, ब्लॉक मिशन मैनेजर पुनीत चौधरी, प्रवीण कुमार आदि सरकारी कार्यकर्ता एवं अधिकारियो का विशेष सहयोग रहा।

# आध्यात्मिक शुद्धि और जीवन के उद्धार के लिए मिलने वाला अनमोल अवसर है कुंभ : नितिन मानव

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत। महाकुंभ मेले को दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम का दर्जा प्राप्त है। इस अवसर पर अनगिनत संत और आध्यात्मिक साधक प्रयागराज आते हैं।

कुंभ की महत्ता से अवगत कराते हुए सुप्रसिद्ध समाज सेवी नितिन मानव ने बताया कि महाकुंभ को आध्यात्मिक शुद्धि और जीवन के उद्धार के लिए मिलने वाला अनमोल अवसर माना जाता है। कहा कि शास्त्रों के अनुसार कुंभ के दौरान प्रयागराज में पवित्र नदियों के संगम में स्नान करने भर से जीवन भर के



संचित पापों का नाश होता है। जीवन में सकारात्मकता आती है, नकारात्मकता दूर होती है और आत्मा शुद्ध होती है। कहा कि कुंभ के त्रिवेणी संगम में स्नान करने से मनुष्य जीवन-मरण के बंधनों से मुक्त हो जाता है। कुंभ के अवसर पर विश्व के शीर्ष साधु-संतो का सानिध्य मिलता है और कुंभ का स्थान जीवन से जुड़े विश्व के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान को प्राप्त करने का सही अवसर प्रदान करता है। महाकुंभ मेला न केवल एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक समागम भी है। उन्होने लोगों से आहवान किया कि कुंभ की महत्ता को समझे, संगम में स्नान कर साधु-संतो का आशीर्वाद लें और उनसे जीवन के सत्य का ज्ञान प्राप्त करें। उन्होने लोगों से साधु-संतो की साधना में गल्त प्रकार से रील अथवा विडियो बनाकर विध्न ना डालने और साधु-संतो को व्यर्थ में परेशान ना करने की बात कही।

# बागपत में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकताओं ने की बैठक



**एनपीटी ब्यूरो**

बागपत। हिंदू युवा वाहिनी कार्यालय बड़ौत पर एक बैठक संपन्न हुई जिसमें आने वाली 12 तारीख को हिंदू युवा वाहिनी के मुख्य संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनपद बागपत आगमन पर विचार विमर्श किया गया बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजीव तोमर ने की और सभी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू युवा वाहिनी के मुख्य संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री का जनपद बागपत आगमन हो रहा है हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकताओं में बड़ा उत्साह है और सभी कार्यकर्ता 12 तारीख को अपनी उपस्थिति छपरौली में पहुंचकर रैली को सफल बनाएं हिंदू युवा वाहिनी जनपद बागपत के जिला संयोजक राकेश चौहान ने कहा की सभी कार्यकर्ता पूज्य महाराज योगी आदित्यनाथ के बागपत आगमन पर एकजुट होकर छपरौली प्रस्थान करेंगे मुख्य वक्ता आलोक शास्त्री ने कहा की हिंदू युवा वाहिनी की पूरी टीम महाराज जी के स्वागत के लिए छपरौली के लिए प्रस्थान करेगी बैठक में सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष नगरों के अध्यक्ष जिले के पदाधिकारी ब्लॉक और नगर के पदाधिकारी उपस्थित रहे मोहित उपाध्याय अतुल जैन अर्पित त्यागी आकाश त्यागी अमित बडोली बबलु पवार विजय वर्मा अंकित वर्मा रूपेंद्र तोमर सत्येंद्र सरोहा आकाश वर्मा उपेंद्र चौहान रवीश मान रजत जगदीश प्रसाद शर्मा आदि उपस्थित रहे

# जिलाधिकारी द्वारा सिकन्दरा के ग्राम बाईपुर स्थित गौशालाओं का किया गया स्थलीय निरीक्षण



**एनपीटी, ब्यूरो**

आगरा।जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी जी द्वारा सिकन्दरा के ग्राम बाईपुर स्थित गौशालाओं का आकस्मिक स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सर्व प्रथम प्रकाश शुक्ला मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित कन्हैया गौशाला का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को बताया गया कि इस गौशाला में लगभग 140 गौवंश संरक्षित हैं, जिनकी देखभाल हेतु 03 कर्मचारी नियुक्त किए गये हैं। तत्पश्चात जिलाधिकारी महोदय द्वारा साहब सिंह सिकरवार सेवा समिति द्वारा संचालित गौशाला का निरीक्षण किया गया, जिसमें बताया गया कि इस गौशाला में लगभग 650 गौवंश संरक्षित हैं, जिनकी देखभाल हेतु 08 कार्मिक नियुक्त किये गये हैं। उक्त के उपरान्त जिलाधिकारी महोदय द्वारा पशुपालन विभाग द्वारा संचालित अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें लगभग 810 गौवंश संरक्षित हैं, इस गौशाला की विशेषता यह है कि इसमें सभी गौवंश नन्दी हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निरीक्षण के दौरान गौशालाओं में साफ सफाई न मिलने पर तीनों गौशालाओं के संचालकों व कार्मिकों को निर्देश दिए कि गौशाला में पर्याप्त साफ सफाई की व्यवस्था रखी जाए, उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि गौवंशों को समय समय पर हरित चारा तथा उनके स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए अन्य सुविधायें भी उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि सभी गौशालाओं में गंगाजल पेयजल योजना के तहत पानी की सप्लाई की जाती है तथा गौशालाओं में गौवंशों के अलावा उनके नवजात बच्चों के लिए भी अलग व्यवस्था की गई है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा गौशाला से सम्बन्धित कार्मिक उपस्थिति पंजिका, गौवंश मृत पंजिका, गौवंश जिओ टैग पंजिका आदि का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा मृत गौवंशों को दफनाये जाने के सम्बन्ध में जानकारी करने पर बताया गया कि गौशाला में मृत गौवंशों को दफनाने हेतु नगर पालिका द्वारा वाहन उपलब्ध कराकर उचित स्थान पर उन्हें दफनाया जाता है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए गये कि समय समय पर गौवंशों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर आवश्यकतानुसार टीकाकरण व उपचार किया जाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान अपर निदेशक, पशु पालन डा0 देवेन्द्रपाल सिंह, पशु चिकित्साधिकारी सिकन्दरा डा0 राकेश, सचिव सौरभ गौतम सहित अन्य कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

# लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर हुआ प्रोग्राम का आयोजन



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत। अपार चेंबर में लता मंगेशकर की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर एक शानदार प्रोग्राम का आयोजन सरगम आर्ट कल्चरल सोसायटी एवं समाज सेविका शीबा खान द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर लता मंगेशकर के शानदार गाने गाकर लोगों को मंत्र मुग्ध किया। प्रोग्राम का संचालन मोहम्मद अशरफ ने किया। निदेशक जुनैद फारुकी, अजरा खान, अल्पना त्यागी, यशोदा यादव, रेखा चौधरी, संगीता ,दीक्षा गिल, नेहा त्यागी, शाहीन खान ,शिखा बंसल, सीमा ,रजनी ,निशा, अब्दुल मलिक, बबलू राजा, शाहिद अंसारी ,नौशाद अज्जू, नदीम राज, रईस ए सी ,नदीम भारती, उषा शर्मा, शालिनी जोहरी ,सिमरन ,बीना सहगल, निशा कश्यप ,पूजा सिंघल ,डॉ राणा जाफरी ,अश्वनी कुमार, एहसान इलाही ,डॉक्टर आमिर, डॉक्टर फैजल अपूर्व श्री ,बबीता, नेहा ,सिल्क हयात, सीमा कायनात, सुकुल शर्मा, जैदुर रहमान के अलावा अनेको लोग उपस्थित रहे।

# एसएसपी ने थाना आंवला का किया वार्षिक निरीक्षण

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को किया गया पुरस्कृत

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली श्री अनुराग आर्य द्वारा थाना आंवला का वार्षिक निरीक्षण किया गया। वार्षिक निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, मेस, कम्प्यूटर कक्ष, थाना परिसर, कर्मचारी बैरक, निमार्णाधीन बिल्डिंग आदि का भौतिक रूप से भ्रमण कर जायजा लिया गया। साथ ही थाना कार्यालय में प्रचलित अभिलेखों को चैक किया गया। थाने के अभिलेखों का रख रखाव सही/ठीक ठाक पाया गया और अभिलेखों को अद्यावधिक करने हेतु निर्देश दिये गये। महोदय द्वारा थाने की साफ सफाई सही पाये जाने पर पुलिस कर्मियों की प्रसंशा की गयी। अपराध, जनसुनवाई व शासन की प्राथमिकताओं की समीक्षा की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बरेली द्वारा शीतकालीन के दृष्टिगत थाना चौकीदारों, होमगार्ड, पीआरडी कर्मियों को कम्बल वितरित किये गये । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बरेली द्वारा प्रचलित विवेचनाओं का निस्तारण कराने हेतु थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बरेली द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं को सुरक्षा, संरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए सशक्त बनाने व जागरूक करने के क्रम में थाना क्षेत्र की महिला अध्यापक रंजना सिंह व छात्रा अंशिका सिंह को मोमेंटो/शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया है।

तत्पश्चात थाना आंवला क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, मीडिया बन्धुओं, व्यापार मण्डल, किसानों व सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ गोष्ठी की गई। गोष्ठी में मौजूद थाना क्षेत्र के व्यक्तियों से पुलिस की कार्यशैली को लेकर फीडबैक लिया गया, जिसमें सम्भ्रान्त व्यक्तियों द्वारा थाने की कार्य प्रणाली सकारात्मक बातें बताई गयी तथा अपराध नियंत्रण के सम्बन्ध में भी पहले से बेहतर कार्य हुआ है, प्रभारी निरीक्षक आंवला को शिकायतकताओं के साथ सभ्य व्यवहार करते हुए समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। वार्ता के क्रम में जनता के व्यक्तियों द्वारा थाना क्षेत्र में यातायात अतिक्रमण की समस्या बतायी गयी, जिसके सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक यातायात, बरेली के नेतृत्व में टीम द्वारा मौका मुआयना कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।

# ट्रेनों की तरह अब रोडवेज की भी मिल सकेगी लोकेशन, GPS और पैनिक बटन लगाया

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। बरेली रीजन की सभी रोडवेज बसों में जीपीएस लगा दिया गया है। ऐसे में अब ट्रेनों की तरह बसों की भी लोकेशन मिल सकेगी। इसके अलावा बसों में पैनिक बटन भी लगा हुआ है। यात्री रास्ते में असुरक्षित होने पर पैनिक बटन दबाकर मदद ले सकेंगे

अक्सर ड्राइवर और कंडक्टर रास्ते में जाम होने का बाहना करके डीजल की खपत अधिक बता देते थे लेकिन अब रीजन की सभी निगम और अनुबंधित बसों में जीपीएस लगने के बाद उनकी लोकेशन का पता कराया जा सकेगा। मुख्यालय से मिली 50 से अधिक नई बीएस 6 बसों में पैनिक बटन की सुविधा दी गई है। रास्ते में किसी तरह की दिक्कत होने पर पैनिक बटन दबाने पर पुलिस की मदद यात्रियों को मिल सकेगी।

# कोल्ड पर काम कर रहे युवक को लगा करंट, मौके पर हुई मौत, परिजनों ने काटा हंगामा

**एनपीटी, ब्यूरो**

आगरा। जिले के थाना बरहन क्षेत्र के गांव नगला गोल में बने अनार देवी सुगंधी कोल्ड स्टोरेज में एक युवक द्वारा पुताई का कार्य किया जा रहा था। उसी दौरान युवक को करंट लग गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।

परिजनों ने मृत के शव को रखकर विरोध किया है। व साथ ही परिजन कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। मौके पर थाना पुलिस मौजूद है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पता चला है कि बुधवार को दोपहर करीब दो बजे करीब सुनीत उर्फ भोला पुत्र भगवान सिंह निवासी गांव नगला गोल गांव में बने कोल्ड स्टोरेज में पुताई का कार्य कर रहा था। उसके बाद युवक लोहे की सीडी को उठाकर दूसरी जगह ले जा रहा था। उसी समय लोगे कि सीडी बिजली के तार से टकरा गई। उसके बाद युवक को करंट लग गया।

परिजनों को जानकारी मिलते ही परिजन कोल्ड स्टोरेज पर पहुंच गए। और युवक को आगरा हॉस्पिटल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृतक घोषित कर दिया। परिजन मृतक के शव को वापिस कोल्ड स्टोरेज लेके आ गए। वहीं सैकड़ों की भीड़ इकट्ठी हो गई। और कार्यवाही की मांग करने लगे।

वहीं दूसरी तरफ पता चला है कि बिजली विभाग की भी लापरवाही देखने को मिली है। बिजली की लाइन भी कोल्ड स्टोरेज के ऊपर से गुजर कर गई है। बिजली लाइन के कारण ही युवक की मौत हुई है। समय रहते हुए बिजली लाइन सही कर दी जाती तो युवक की जान नहीं जाती। साथ ही कोल्ड स्टोरेज मालिक भी मौके पर नहीं पहुंचा है। थाना प्रभारी बरहन उदयवीर सिंह का कहना है कि परिजनों द्वारा तहरीर दी जाने पर मुकद्दमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जाएगी। अब देखने वाली बात यह होती है कि प्रशाशन कोल्ड स्टोरेज के मालिक के खिलाफ क्या बड़ी कार्यवाही करता है। ये तो आने वाला समय ही बताएगा।

# प्रत्येक व्यक्ति को फाइलेरियारोधी दवा खिलाना करें सुनिश्चितः मुख्य विकास अधिकारी.



**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली, 5 फरवरी को जनपद के तीन ब्लाक फरीदपुर, क्यारा और आलमपुर जाफराबाद (भमोरा) में 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन (एमडीए /आईडीए) अभियान चलेगा जिसके तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरियारोधी दवा का सेवन करायेंगे` इसी क्रम में बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी श्री जग प्रवेश की अध्यक्षता में अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की द्वितीय बैठक आयोजित हुयी`

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए` उन्होंने कहा कि जनपद के केवल तीन ब्लाक में यह अभियान चलना है` इसलिए इसको गंभीरता से लें और शत प्रतिशत लक्षित जनसँख्या को फाइलेरियारोधी दवा खिलाना सुनिश्चित करें` साल 2027 तक फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य रखा है इसलिए कोई भी कोताही न बरतें ।

फाइलेरियारोधी दवा एक साल से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिला और अति गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को छोड़कर सभी को खिलानी है`

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह, राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल डॉ. प्रशांत रंजन, जिला मलेरिया अधिकारी सत्येन्द्र कुमार, आईसीडीएस से जिला कार्यक्रम अधिकारी,जिला पंचायत राज अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, समस्त मलेरिया इंस्पेक्टर, फरीदपुर, क्यारा और आलमपुर जाफराबाद (भमोरा) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक मौजूद रहे !

# जिला स्तरीय समन्वय समिति/जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय समन्वय समिति/जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में CD rÔtio, CCL, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग योजना (पीएमएफएमई) आदि योजनाओं में ऋण स्वीकृति एवं उसके सापेक्ष वितरण आदि की समीक्षा कर लक्ष्य की शत प्रतिशत प्राप्ति हेतु आवश्यक निर्देश दिए।



बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी मिशन अभियान योजना की समीक्षा करी और पाया गया कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक ने अच्छा कार्य किया गया है। समीक्षा के दौरान पाया गया कि उक्त योजना अन्तर्गत अच्छी संख्या में लोन स्वीकृत किये गये हैं लेकिन वितरित कम हुये है, जिसके कारणों व आने वाली समस्याओं के बारे में बैंकर्स के साथ विस्तार से चर्चा की गयी और निदान भी सुझाये गये।

बैठक में निर्देश दिए गए कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी मिशन अभियान योजना व अन्य विभागीय लोन वितरण सम्बंधी योजनाओं के अन्तर्गत जहां लक्ष्य पूरे हो गये हैं अच्छी बात है और जहां लक्ष्य पूरा नहीं हुआ है वहां अतिशीघ्र लक्ष्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, अपर जिलाधिकारी प्रशासन दिनेश, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, परियोजना निदेशक डीआरडीए, डीसी एनआरएलएम, उपायुक्त उद्योग सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# अवैध प्रवास रोकने पर गंभीर पहल हो

यह विडंबना ही है कि पूरे विश्व को लोकतांत्रिक मूल्यों, मानव अधिकारों व आदर्श जीवन मूल्यों की नसीहत देने वाले अमेरिका ने विभिन्न देशों के कथित अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई को बलपूर्वक अंजाम दिया है। सुनहरे सपनों की आस में घर-खेत दांव पर लगाकर व एजेंटों को लाखों रुपये देकर अमेरिका पहुंचे युवाओं ने सपने में नहीं सोचा होगा कि उन्हें अपराधियों की तरह वापस उनके देश भेजा जाएगा। ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता ही है कि हमारी युवा शक्ति दुनिया के विभिन्न देशों में लुट-पिटकर अपमानजनक स्थितियों का सामना कर रही है। कभी उन्हें पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधी बंधक बनाकर ऑनलाइन धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं, तो कभी उन्हें धोखे से बिचौलिए रूसी सेना में भर्ती करवा देते हैं। कभी उन्हें इस्राइल-हमास के भयावह युद्धग्रस्त इलाके में काम की तलाश में पहुंचा दिया जाता है। लाखों भारतवंशियों ने अपनी मेधा व पसीने से अमेरिका की प्रतिष्ठा पर चार-चांद लगाए हैं। अंतरिक्ष में इतिहास रचने वाली कल्पना चावला से लेकर भारतवंशी कमला हैरिस, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से अमेरिका में उपराष्ट्रपति पद तक हासिल किया। यह विडंबना ही है कि मूलतः प्रवासियों द्वारा बसाये देश अमेरिका में आज सेना के बल पर बेहतर भविष्य की तलाश में आए प्रवासियों को खदेड़ा जा रहा है। मैक्सिको की सीमा पर दीवार खड़ी करके सेना तैनात की जा रही है। यह विडंबना ही कि प्रधानमंत्री मोदी की वाशिंगटन यात्रा से कुछ दिन पहले एक अमेरिकी सैन्य विमान से दो सौ से अधिक कथित अवैध भारतीय प्रवासियों को जबरन वापस भारत लाया गया है। निश्चित रूप से संकीर्णतावादी सोच का पक्षधर ट्रंप प्रशासन दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत के साथ वैसा व्यवहार नहीं कर सकता जैसा कि वह अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला, होंडुरास, पेरू के प्रवासियों के साथ कर रहा है। हालांकि, एक अध्ययन में दावा किया गया है कि भारत, अमेरिका में गए सर्वाधिक अवैध अप्रवासियों वाले देशों में शुमार है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा से पूर्व जबरन की गई ह्यनिर्वासन उड़ानह्ण विसंगतियों व विडंबनाओं की ही घोतक है। हालांकि, भारत ने कूटनीतिक प्रयासों से अवैध अप्रवासन पर समयानुकूल निर्णय लेकर दोनों देशों में संबंध सामान्य बनाने का प्रयास किया। दरअसल, अमेरिका की हालिया यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जमीनी स्तर पर बेहतर कूटनीतिक प्रयास किये। उन्होंने ट्रंप प्रशासन को इस बात को लेकर आश्वस्त किया कि भारत अपने भटके हुए नागरिकों की वैध वापसी के लिये तैयार है। निस्संदेह, भारत ने समझदारी से टकराव टालने का सार्थक प्रयास किया ताकि मोदी-ट्रंप की मुलाकात से पहले दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट न घुले। निश्चय ही तुनक मिजाज ट्रंप व उनके प्रशासन से इस मुद्दे पर अड़ने में कोई समझदारी भी नहीं थी। ऐसी ही स्थिति पर कोलम्बिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो द्वारा अपने प्रवासी नागरिकों से भरे अमेरिकी सेना के जहाज को न उतरने देने की घोषणा करके अपने लिए अपमानजनक स्थितियां पैदा कर दी थी। पहले उन्होंने निर्वासित लोगों को ले जाने वाली सैन्य उड़ानों को स्वीकार करने से मना कर दिया था। लेकिन फिर राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा कोलंबिया पर टैरिफ और प्रतिबंध लगाने की धमकी के बाद उन्होंने यू-टर्न ले लिया। अब वही कोलंबिया के राष्ट्रपति प्रवासियों से तुरंत घर आने और ह्यसामाजिक संपदाह्ण के निर्माण में योगदान का अनुरोध कर रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या भारत के पास अमेरिका से निर्वासन के लिये चिन्हित अपने करीब अट्ठारह हजार कथित अवैध प्रवासी नागरिकों के पुनर्वास को लेकर कोई योजना है? सरकार कैसे सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में ये लोग फिर किसी आप्रवासन का दुस्साहस नहीं करेंगे? निश्चित रूप से समय की मांग है कि बेईमान ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी कार्रवाई की जाए, जो युवाओं को सुनहरे सपने दिखाकर अवैध रूप से अमेरिका व अन्य देशों में भेजते हैं। निस्संदेह, विकसित भारत का सपना दूर की कौड़ी है, लेकिन सबसे पहली प्राथमिकता देश की युवा शक्ति को कुशल बनाने तथा रोजगार के आकर्षक अवसर पैदा करना होनी चाहिए। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा के दौरान कानूनी प्रवासन को सुव्यवस्थित करने का एजेंडा सर्वोपरि होना चाहिए।

# वैश्विक राजनीति-अर्थशास्त्र को नया आकार देगा ब्रिक्स

**अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों पर, ब्रिक्स ने तटस्थ या वैकल्पिक स्थिति अपनाई है, जैसा रूस-यूक्रेन युद्ध के प्रति इसके दृष्टिकोण में दिखा। प्रतिबंधों पर संवाद को प्राथमिकता दी गई है। यह पश्चिमी नेतृत्व वाले हस्तक्षेपों और नाटो जैसे सैन्य गठबंधनों के लिए कूटनीतिक विकल्प प्रदान करता है। ब्रिक्स वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 31 फीसदी हिस्सा है, जो जी-7 से आगे है, और दुनिया की 42 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। चीन सकल घरेलू उत्पाद में सबसे आगे है, भारत सबसे तेजी से बढ़ती ब्रिक्स अर्थव्यवस्था बना हुआ है। समूह की प्रमुख पहलों में से एक डी-डॉलरीकरण है, जो व्यापार और वित्तीय लेनदेन में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता को कम करता है। न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) डॉलर के प्रभुत्व का मुकाबला करने के लिए स्थानीय मुद्राओं में ऋण प्रदान करता है।**




दरअसल, ट्रम्प के वित्तीय प्रतिबंधों ने डॉलर के विकल्प की तलाश को तेज किया है। वहीं ट्रम्प की नीतियों ने ब्रिक्स की भू-राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को गति दी है। आज ब्रिक्स पश्चिमी प्रभुत्व को चुनौती दे रहा है और विकासशील देशों के लिए एक मंच प्रदान कर रहा है।

श्याम सखा ह्यश्यामह्ण

ब्रिक्स ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका वाले पांच प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों का समूह है। जो दुनिया की बड़ी आबादी, जीडीपी और व्यापार के बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व करता हैं। ह्यब्रिकह्ण शब्द 2001 में गोल्डमैन सैक्स के अर्थशास्त्री जिम ओह्णनील द्वारा गढ़ा गया था, जिन्होंने भविष्यवाणी की थी कि ये चार अर्थव्यवस्थाएं 2050 तक वैश्विक विकास पर हावी होंगी। पहली अनौपचारिक ब्रिक बैठक 2006 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में हुई थी, उसके बाद 2009 में रूस में पहला आधिकारिक ब्रिक शिखर सम्मेलन हुआ था। वर्ष 2010 में, दक्षिण अफ्रीका इसमें शामिल हुआ, जिससे ब्रिक ब्रिक्स में बदल गया।

वर्ष 2014 में, ब्रिक्स ने पश्चिमी-प्रभुत्व वाले आईएमएफ और विश्व बैंक के विकल्प के रूप में न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) की स्थापना की। समूह का प्रभाव 2023 में और बढ़ गया जब इसने अर्जेंटीना, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और यूएई को आमंत्रित करके विस्तार किया, जो इसकी बढ़ती वैश्विक भूमिका को दशार्ता है। फिर क्यूबा व इंडोनेशिया पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल हो गए। वर्ष 2025 की शुरूआत तक, 40 से अधिक देशों ने ब्रिक्स समूह में शामिल होने में रुचि व्यक्त की है, जिसमें 24 देशों ने औपचारिक रूप से सदस्यता के लिए आवेदन किया है।

ब्रिक्स वैश्विक शासन में अमेरिकी व यूरोपीय प्रभुत्व को चुनौती देते हुए एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था बनाने का प्रयास करता है। यह संगठन विकासशील देशों के लिए अधिक प्रतिनिधित्व की मांग करते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, आईएमएफ और विश्व बैंक में सुधारों की वकालत करता है। जबकि रूस और चीन ब्रिक्स का उपयोग अमेरिकी आधिपत्य को संतुलित करने के लिए करते हैं, भारत व ब्राजील रणनीतिक स्वायत्तता हेतु इसका लाभ उठाते हैं। ब्रिक्स अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया में अपने प्रभाव का विस्तार कर रहा है। भारत क्वाड गठबंधन जैसी रणनीतिक साझेदारी हेतु ब्रिक्स जुड़ाव को संतुलित करता है।

अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों पर, ब्रिक्स ने तटस्थ या वैकल्पिक स्थिति अपनाई है, जैसा रूस-यूक्रेन युद्ध के प्रति इसके दृष्टिकोण में दिखा। प्रतिबंधों पर संवाद को प्राथमिकता दी गई है। यह पश्चिमी नेतृत्व वाले हस्तक्षेपों और नाटो जैसे सैन्य गठबंधनों के लिए कूटनीतिक विकल्प प्रदान करता है। ब्रिक्स वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 31 फीसदी हिस्सा है, जो जी-7 से आगे है, और दुनिया की 42 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। चीन सकल घरेलू उत्पाद में सबसे आगे है, भारत सबसे तेजी से बढ़ती ब्रिक्स अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

समूह की प्रमुख पहलों में से एक डी-डॉलरीकरण है, जो व्यापार और वित्तीय लेनदेन में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता को कम करता है। न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) डॉलर के प्रभुत्व का मुकाबला करने के लिए स्थानीय मुद्राओं में ऋण प्रदान करता है। रूस और चीन पश्चिमी प्रतिबंधों को दरकिनार करने के लिए युआन, रूबल और स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को सक्रिय रूप से बढ़ावा देते हैं। ब्रिक्स के भीतर व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे पश्चिमी बाजारों पर निर्भरता कम हुई है। जबकि चीन ब्रिक्स के भीतर सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है, अन्य सदस्य बीजिंग पर अत्यधिक आर्थिक निर्भरता को रोकने के लिए विविधीकरण चाहते हैं। वर्ष 2023 ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में सऊदी अरब, यूएई, ईरान, मिस्र, इथियोपिया और अर्जेंटीना को आमंत्रित किया गया, जो आगे के विस्तार का संकेत है। तेल समृद्ध खाड़ी देशों को शामिल करने से वैश्विक ऊर्जा बाजारों में ब्रिक्स की भूमिका बढ़ जाती है।

हालांकि, आंतरिक संघर्ष महत्वपूर्ण चुनौतियां पेश करते हैं। भारत और चीन के बीच तनाव, विशेष रूप से सीमा विवादों को लेकर, भू-राजनीतिक टकराव पैदा करते हैं। यूक्रेन में रूस के युद्ध के परिणामस्वरूप पश्चिमी प्रतिबंध लगे हैं, जिससे ब्रिक्स के भीतर सहयोग जटिल हो गया है। समूह के भीतर आर्थिक असमानताएं भी चुनौतियां पेश करती हैं, क्योंकि व्यापार में चीन का प्रभुत्व सदस्यों के बीच विषमता पैदा करता है। इन चुनौतियों के बावजूद, ब्रिक्स का लक्ष्य पश्चिमी प्रभाव से स्वतंत्र एक नई वित्तीय प्रणाली स्थापित करना है। समूह प्रौद्योगिकी और रक्षा में अपने सहयोग का विस्तार भी कर सकता है।

ट्रम्प की आक्रामक विदेश नीति, विशेष रूप से आर्थिक राष्ट्रवाद, व्यापार युद्ध और बहुपक्षीय संस्थानों के प्रति संदेह पर उनका जोर, पश्चिमी प्रभुत्व के लिए भू-राजनीतिक प्रतिपक्ष के रूप में ब्रिक्स के विकास में अप्रत्यक्ष रूप से योगदान दे सकता है।

निस्संदेह, यू.एस. अलगाववाद ने ब्रिक्स की एकजुटता को बढ़ावा दिया। ट्रम्प की ह्यअमेरिका फर्स्टह्ण नीति अक्सर सहयोगियों के साथ तनाव और कुछ क्षेत्रों में वैश्विक नेतृत्व से पीछे हटने का कारण बनी है। यह ब्रिक्स के लिए खुद को एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की वकालत करने वाली वैकल्पिक शक्ति के रूप में पेश करने का अवसर बनाता है। ट्रम्प के व्यापार ने बीजिंग को अन्य ब्रिक्स देशों और गैर-पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं के साथ आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। ट्रम्प के वित्तीय प्रतिबंध ने अमेरिकी डॉलर के विकल्प की तलाश को तेज किया है। ट्रम्प की नीतियों ने ब्रिक्स की भू-राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को गति दी है। ब्रिक्स वैश्विक राजनीति और अर्थशास्त्र को नया आकार दे रहा है। पश्चिमी प्रभुत्व को चुनौती दे रहा है और विकासशील देशों के लिए एक मंच प्रदान कर रहा है।

# जब डब्ल्यूएचओ से अमेरिका का बाहर होना टला

साल 1982 में मैं संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य मंत्रालय के रूप में जेनेवा में डब्ल्यूएचए की मीटिंग में शामिल था व एजेंडा पर आयोग बी का अध्यक्ष था। तब अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के नेता डॉ. जॉन ब्रायंट ने फिलस्तीनियों के स्वास्थ्य के मसौदे पर ऐतराज जता अमेरिकी मदद रोकने की चेतावनी दी। मैंने विवादित बिंदु हटाकर नये सिरे से मसौदा बनाया। बैठक में प्रस्ताव पर सर्वसम्मति बनी तब डब्ल्यूएचओ महानिदेशक डॉ. हाफडान महलर ने मुझे गले लगा लिया व रुंधे गले से कहा मेरे दोस्त, डब्ल्यूएचओ को बचाने के लिए धन्यवाद।

कुछ दिन पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल की शुरूआत चुनावी अभियान के दौरान किए गए वादों पर अमल करने के लिए कई आदेश जारी करके की। इनमें से एक घोषणा यह थी कि अमेरिका विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की आर्थिक सहायता रोक देगा और संगठन त्याग देगा।

इस खबर ने चार दशक से भी पहले की एक घटना की याद को ताजा कर दिया, जब मैं स्वास्थ्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत था और मई, 1982 में स्विट्जरलैंड के जेनेवा में विश्व स्वास्थ्य सभा (डब्ल्यूएचए) की वार्षिक बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहा था। सम्मेलन के विस्तृत एजेंडा को विभाजित किया गया और इस पर ए और बी नामक दो आयोग बनाकर चर्चा की गई। 1982 में 163 सदस्यों वाले डब्ल्यूएचए ने सर्वसम्मति से मुझे आयोग बी की कार्यवाही की अध्यक्षता करने के लिए चयनित किया। जेनेवा में हमारे राजदूत एपी वेंकटेश्वरन ने इस पर नई दिल्ली को सूचित किया कि भारत के लिए यह एक उल्लेखनीय कूटनीतिक जीत है।

मेरी अध्यक्षता के तीसरे दिन, एफ्रो-एशियाई देशों के एक समूह द्वारा प्रस्तुत एजेंडा के पहले आइटम में एक प्रस्ताव था, जिसका उद्देश्य इस्राइल के कब्जे वाले क्षेत्रों में रहने वाले फलस्तीनियों की खराब स्वास्थ्य स्थितियों की ओर ध्यान आकर्षित करना था। सभा में अभी-अभी पहुंचे डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. हाफडान महलर मेरे बगल में बैठे थे, जब मैंने फलस्तीनी प्रतिनिधिमंडल के नेता को वह प्रस्ताव पेश करने के लिए आमंत्रित किया, जिसमें अन्य बातों के अलावा, इस विषय पर एक विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट का उल्लेख था, साथ ही इसमें इस्राइल के स्वास्थ्य मंत्रालय, फलस्तीन मुक्ति संगठन और फलस्तीनी शरणार्थियों को राहत प्रदान करने वाली विशेष संयुक्त राष्ट्र एजेंसी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों का भी जिक्र था, इसमें संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के संबंधित प्रस्तावों का भी संदर्भ दिया गया था।

इससे पहले कि मैं इस मुद्दे पर बोलने के लिए अगले प्रतिनिधि को बुला पाता, डॉ. जॉन ब्रायंट, जो कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के जाने-माने नेता थे, अपने स्थान पर खड़े हो गए और गुस्से में नेम कार्ड लहराते हुए तत्काल हस्तक्षेप करने की अनुमति मांगी। तल्ख शब्दों में डॉ.



ब्रायंट ने शिकायत की कि यदि मसौदे के कुछ हिस्सों को तुरंत नहीं हटाया गया, तो इस्राइल के सदस्यता अधिकारों एवं सेवाओं को समाप्त करने में सबसे हानिकारक परिणाम होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इस विषय-वस्तु पर और आगे चर्चा की गई, तो उन्हें निर्देश दिया गया है कि बता दिया जाए कि अमेरिका, अभी और यहीं से, अपनी आर्थिक मदद निलंबित कर देगा और डब्ल्यूएचओ से हट जाएगा (उस समय, डब्ल्यूएचओ के कुल बजट का लगभग 25 प्रतिशत धन अमेरिका देता था!)। डॉ. ब्रायंट के बयान के बाद, असेंबली हॉल में अभूतपूर्व हंगामा हुआ- परस्पर विरोधी पक्ष और उनके सभी समर्थक खड़े होकर चिल्ला रहे थे।

मैं लगातार गैवल (हथौड़ा) पीटता रहा और व्यवस्था बनाए रखने की अपील करता रहा, लेकिन शोरगुल में इसका कोई असर न था। फिर भी मैं यह घोषणा करने में सफल रहा कि कार्यवाही अगले एक घंटे के लिए स्थगित कर दी गई है। डॉ. महलर के साथ एक संक्षिप्त परामर्श के बाद, जो शब्दों से परे हताश स्थिति में थे, मैं हॉल में गया और अगले लगभग दो घंटों तक इस दुर्भाग्यपूर्ण विवाद के प्रमुख हितधारकों के साथ वाताएं कीं। यह महसूस करते हुए कि विवाद को आसानी से सुलझाया नहीं जा सकता, मैंने घोषणा की कि आयोग की बैठक अब अगली सुबह होगी।

मैंने आयोग बी के सचिव से प्रस्ताव के मसौदे से संदर्भित सभी रिपोर्टें और प्रस्तावों की प्रतियां प्राप्त कीं। मैंने उनसे यूएसए, इस्राइल, फलस्तीन और एफ्रो-एशियाई समूह के प्रतिनिधिमंडलों के नेताओं से संपर्क करने और उस शाम 6 बजे से मेरे लिए उनसे मिलने का समय लेने का अनुरोध किया, इन बैठकों के बीच एक घंटे का अंतराल रखा गया। अपने होटल के कमरे में वापस आकर, मैंने अगले लगभग छह घंटे सभी प्रासंगिक दस्तावेजों का अध्ययन करने, नोट्स लेने और तमाम संभावित विवादित बिंदुओं का हल सोचकर प्रस्ताव के मसौदे को संशोधित करने में बिताए, विशेष रूप से उस हिस्से को फिर से तैयार करने में, जिसका डॉ. ब्रायंट के अनुसार, इस्राइल के राष्ट्रीय हितों पर नकारात्मक प्रभाव था।

शाम 6 बजे से, मैंने संबंधित प्रतिनिधिमंडलों के नेताओं के साथ लगातार चचाएं की। प्रत्येक बैठक में, मैंने विशेष रूप से अपने द्वारा तैयार किए गए संशोधित प्रस्ताव के प्रारूप पर चर्चा की और फलस्तीनी और एफ्रो-एशियाई प्रतिनिधिमंडलों का पूर्ण समर्थन प्राप्त करने में सफल रहा, जिनसे मैं दोनों बार मिला था। जब मैं इस्राइली समूह से मिला तो रात के 9 बज चुके थे और काफी लंबी चर्चा के बाद मैं उनकी सहमति प्राप्त करने में सफल रहा। जब मैं उस होटल में पहुंचा, जहां पर अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल रुका हुआ था, तब तक रात के 11 बज चुके थे। चूंकि अन्य सभी पक्ष पहले ही राजी हो चुके थे इसलिए मुझे उम्मीद थी कि यह अंतिम बैठक जल्द पूरी हो जाएगी। इसकी बजाय, मुझे संयुक्त राष्ट्र महासभा में पारित हुए दर्जनों इस्राइल-संबंधी प्रस्तावों से गुजरना पड़ा, अलबत्ता इनमें से एक भी मौजूदा विवाद में प्रासंगिक नहीं था। मैंने अपना धैर्य बनाए रखा और अंत में, नए मसौदे के लिए डॉ. ब्रायंट का समर्थन प्राप्त करने में सफल रहा।

अपने होटल में पहुंचते-पहुंचते रात के 1 बज गए थे। उससे पहले नए मसौदे की एक साफ-सुथरी हस्तलिखित प्रतिझ्र जिस पर मैं सभी पक्षों को सहमति पाने में सफल रहा था- डब्ल्यूएचओ की एक जिम्मेदार कार्यकारी अधिकारी सुश्री सिमोन को सौंप दी। उन्होंने अगली सुबह सत्र शुरू करने से पहले आवश्यक संख्या में प्रतियां बनाने और सभा में वितरित करने की जिम्मेवारी लेना माना (हालांकि अगला दिन तो पहले ही शुरू हो चुका था!)

जब डॉ. महलर और मैं मंच पर पहुंचे तो सभा हॉल में एक असहज शांति थी। सभा को क्रमवार चलाते हुए, मैंने पिछली दोपहर से लेकर अब तक के घटनाक्रमों के बारे में संक्षेप में जानकारी दी और बताया कि किस प्रकार मैं अपने द्वारा तैयार संशोधित मसौदा प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए तमाम संबंधित सदस्य देशों के नेताओं को राजी करने में सफल रहा। मैंने पूछा कि क्या इस प्रस्ताव को अपनाए जाने पर किसी को कोई आपत्ति है। जब कोई एतराज नहीं आया, तब मैंने गैवल मारा और घोषणा की कि प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार किया जाता है। सभी ने राहत की सांस ली।

इससे पहले कि मैं अगले विषय पर जा पाता, डॉ. महलर अपनी सीट से उठे, मेरे हाथ पकड़े और मुझे गले लगा लिया। रुंधे गले में उन्होंने कहा मेरे दोस्त, डब्ल्यूएचओ को बचाने के लिए धन्यवाद।

# एसएन मेडिकल कॉलेज में कैंसर मशीन का केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने फीता काटकर किया शुभारम्भ

**एनपीटी, ब्यूरो**

आगरा। एस०एन० मेडिकल कालेज, आगरा में प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना फेज-4 के अन्तर्गत, कैंसर के मरीजों की सिकाई हेतु अत्याधुनिक लिनाक मशीन का शुभारम्भ प्रोफेसर एस०पी० सिंह बघेल, केन्द्रीय राज्य मंत्री मत्स्यपालन, पशुपालन, डेयरी एवं पंचाती राज, भारत सरकार, योगेन्द्र उपाध्याय कैबिनेट मंत्री उच्च शिक्षा, हेमलता दिवाकर, महापौर आगरा, विजय शिवहरे, सदस्य विधान परिषद, विधायक डा० जी०एस० धर्मेश , पुरूषोत्तम खण्डेलवाल, भगवान सिंह कुशवाह, छोटेलाल वर्मा, द्वारा किया गया। प्रोफेसर एस०पी० सिंह बघेल, केन्द्रीय राज्य मंत्री द्वारा कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य के प्रति बहुत ही संवेदनशील हैं। एस०एन० मेडिकल कालेज में इन मशीनों के स्थापित होने से मरीजों को प्राइवेट की तुलना में काफी रियायती दरों पर कैंसर के उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी। योगेन्द्र उपाध्याय कैबिनेट मंत्री उच्च शिक्षा, उ०प्र० सरकार ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति बहुत सचेत हैं। एस०एन० मेडिकल कालेज में इन मशीनों के स्थापित होने से अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्तियों को भी कैंसर का रियायती दर पर उच्च कोटि का उपचार उपलब्ध होगा।



प्रधानाचार्य डा० प्रशांत गुप्ता द्वारा बताया गया कि एस०एन० मेडिकल कालेज में कैंसर मरीजों के लिए अत्याधुनिक लीनियर एक्सीलेटर एवं सीटी सिम्युलेटर मशीन की सुविधा से हाई डिफाइनिंग रेडियोथेरेपी की सुविधा बहुत ही रियायती दरों पर मिलेगी। ये मशीनें केन्द्र और प्रदेश सरकार के वित्तीय सहयोग से प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना फेज-4 के अन्तर्गत यहाँ स्थापित हुई हैं। अत्याधुनिक लीनियर एक्सीलेटर मशीन की कीमत लगभग 24 करोड़ एवं सीटी सिम्युलेटर मशीन की कीमत लगभग 5 करोड़ है। इन मशीनों को एच०एल०एल० इंफ्राटेक लि० स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अन्तर्गत पी.एस.यू द्वारा उपलब्ध कराया गया है। इन मशीनों से आगरा के साथ साथ आप-पास के जिलों जैसे मथुरा, फि रोजाबाद, एटा, इटावा मैनपुरी, हाथरस, अलीगढ़, धौलपुर, भरतपुर आदि ज़िलों के कैंसर मरीजों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी। इस नवीनतम तकनीकि की मशीन से कैंसर के मरीजों को रेडिएशन का खतरा कम होगा क्योंकि यह मशीन सीधे तौर पर कैंसर की कोशिकाओं को टार्गेट करेगी, जिससे अन्य कोशिकाओं पर प्रभाव नहीं पड़ेगा। मेडिकल कालेज में आयुष्मान एवं असाध्य रोगियों को निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध है। रेडिएशन ऑनकोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ सुरभि गुप्ता ने बताया कि स्टेट ऑफ आर्ट मशीन वर्सा-एचडी लीनाक जटिल से जटिल कैंसर के इलाज के लिए कारगर है। इस मशीन से 3 डी - सीआरटी, आईएमआरटी, एसआरएस,एसआरटी एवं इलेक्ट्रान बीम थेरेपी की सुविधा कैंसर मरीजों को मिल सकेगी। लगभग 30 प्रतिशत कैंसर मरीजों को हाई टेक्नीक रेडिएशन थेरेपी की आवश्यकता होती है। टी पी एस ट्रीटमेंट प्लानिंग सिस्टम रेडियोथेरेपी में कैंसर मरीजों का एक अभिन्न अंग है। टीपीएस द्वारा कैंसर मरीजों का ट्रीटमेंट प्लानिंग प्लान किया जाता है। रेडिएशन ऑनकोलोजिस्ट द्वारा मरीज के सीटी स्कैन इमेज पर कंटूरिंग की जाती है जिसमें पीटीवी, जीटीवी एवं नार्मल ऑर्गन मार्क किया जाता है इसके उपरांत मेडिकल फिजिसिस्ट द्वारा ट्रीटमेंट प्लानिंग सिस्टम में ट्यूमर की पोजीशन अनुसार रेडिएशन बींम डाली जाती है एवं ऑप्टिमिजेशन किया जाता है पीटीवी जिसे प्लानिंग टारगेट वॉल्यूम कहा जाता है जिसको रेडिएशन ऑँकोलॉजिस्ट ट्रीट करना चाहते हैं उसमें ज्यादा से ज्यादा रेडिएशन के द्वारा डोज दिया जाता है एवं आसपास के नाजुक ऑर्गन्स को बचाने हेतु ज्यादा से ज्यादा प्रयास किया जाता है इसके लिए मल्टी लीफ कोलाइमेटर एवं हाय मैथमेटिकल एल्गोरिथम जो कि डीसी में मौजूद होता है उसकी सहायता ली जाती है जैसे ही एक अच्छा प्लान तैयार हो जाता है उसको रेडिएशन आकोलॉजिस्ट द्वारा अप्रूव करके ट्रीटमेंट डिलीवरी के लिए मशीन पर भेज दिया जाता है। कार्यक्रम में एस०एन० मेडिकल कालेज के उप प्रधानाचार्य, डा० टी०पी० सिंह, प्रमुख अधीक्षक डा० ब्रजेश शर्मा, समस्त विभागाध्यक्ष एवं रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रो० ऐ०के० आर्या, डा० तबस्सुम समानी, डा० अजय श्रीवास्तव, डा० रूपाली, डा० विंध्यवासिनी पाण्डेय, विकास एवं श्री प्रांजल आदि उपस्थित रहे।

# समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण की संवेदनशीलता से 24 घंटे के अंदर आगरा के बुजुर्ग को मिली पेन्शन

**एनपीटी, ब्यूरो**

आगरा। प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरूण तथा जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने जनपद आगरा के विकास खण्ड, जैतपुर की ग्राम पंचायत बड़ागांव के 70 वर्षीय बुजुर्ग सूरजभान के वृद्धावस्था पेन्शन का प्रकारण संज्ञान में आते ही संबंधित अधिकारियों को मामले का त्वरित निस्तारण कर उसकी रिपोर्ट देने के निर्देश दिये थे। समाज कल्याण मंत्री ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पेन्शन संबंधी मामले को 24 घंटे के अंदर निस्तारित कर बुजुर्ग को इसकी जानकारी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये थे। जिलाधिकारी आगरा ने उक्त हेतु मुख्य विकास अधिकारी व जिला समाज कल्याण अधिकारी को तत्काल प्रकरण में कार्यवाही के कड़े निर्देश दिए गए थे।, लखनऊ से भी समाज कल्याण मंत्री जी ने उक्त प्रकरण का संज्ञान लेकर कार्यवाही से अवगत कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।



आज जनपद आगरा की जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास, सुश्री प्राची ने बुजुर्ग सूरजभान के घर जाकर उन्हें पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किया। स्वीकृति पत्र पाते ही सूरजभान ने अपनी प्रसन्नता समाज कल्याण मंत्री से वीडियो कॉल पर बात कर व्यक्त की। उन्होंने समाज कल्याण मंत्री तथा जिलाधिकारी महोदय का आभार व्यक्त किया। समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 70 वर्षीय सूरजभान ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर कतिपय कारणों से वृद्धावस्था पेन्शन बंद होने की शिकायत दर्ज करते हुए इसका निस्तारण कर पुनः पेन्शन शुरू कराने की अपील की थी। मामला संज्ञान में आते ही समाज कल्याण मंत्री ने प्रकरण का त्वरित निस्तारण कराते हुए कहा कि किसी भी वृद्ध के लिए पेन्शन उनके जीने का सहारा है। प्रदेश की डबल इंजन की सरकार बुजुर्गों के सुरक्षा, सम्मान और बेहतर स्वास्थ्य के लिए लगातार कार्य कर रही है।

# क्षतिग्रस्त सड़क से राहगीर परेशान, गिर कर हो रहे चोटिल

## ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत कराये जाने की डीएम से की मांग



महसी (बहराइच)। विकास खंड महसी के सधुवापुर से मुडहेरा की सड़क बेहद जर्जर है। इसकी मरम्मत के लिए ग्रामीणों ने कई बार आवाज उठाई। लेकिन सुनवाई नहीं हुई। अब ग्रामीणों ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर सड़क को दुरुस्त कराने की मांग की है। महसी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सधुवापुर से मुंडहेरा गांव जाने वाला मार्ग तीन साल से क्षतिग्रस्त है। कई बार गिरकर लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। स्थानीय निवासी संजय त्रिपाठी ने बताया कि सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। सारी गिट्टियां उखड़ गई है। इसी सड़क से क्षेत्र के कई गांवों के लोगों का आना-जाना रहता है। गांव निवासी ललित, आशीष ने डीएम को पत्र भेज जर्जर सड़क की जल्द मरम्मत कराने की मांग की है।

# जनवरी 2025 में टिकट चेकिंग आय में आगरा मंडल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

## आगरा मंडल ने टिकट चेकिंग में माह जनवरी 2025 में 35920 केस दर्ज कर 2.10 करोड़ रू. का वसूला जुमार्ना

**एनपीटी, ब्यूरो**

आगरा। मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश अग्रवाल के दिशा निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमित आनन्द के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग आगरा मंडल द्वारा बिना टिकट यात्रियों की रोकथाम हेतु माह जनवरी 2025 में विशेष टिकट जाँच अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा,बिना बुक लगेज एवं गंदगी फैलाने व धुम्रपान करने वाले,अनाधिकृत वैंडरो एवं स्टेशन से गुजरने वाली गाड़ियों में सघन जाँच करायी गयी। जाँच के परिणाम स्वरूप आगरा मंडल के स्टेशनों पर बिना टिकट यात्रा करने वाले 17988 केस पर 1.22/- करोड़ रुपए , अनियमित यात्रा करने वाले 17923 केस पर



87.94/- लाख रुपए एवं बिना बुक लगेज यात्रा करने वाले 9 केस पर 14460/- रुपए यात्रियों को प्रभारित किया गयो जिसके परिणाम स्वरूप कुल 35920 केस से 2.10/-करोड़ रुपए रेल राजस्व प्राप्त किया गया` जो कि आगरा मंडल के पिछले वर्ष माह जनवरी -2024 में कुल 11810 केस से बिना टिकट, अनियमित यात्रा ,अनबुक्ड लगेज यात्रियों को प्रभारित किया गया` जिसके परिणाम स्वरूप कुल 1.49/- करोड़ रुपए रेल राजस्व प्राप्त किया गया था।

रेल राजस्व में पिछले वर्ष माह की तुलना में 40.67 प्रतिशत की अधिक वृद्धी हुई है` जनसंपर्क अधिकारी कु.प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि टिकट चेकिंग अभियान को और गति देते हुए चेकिंग स्क्वायड द्वारा ट्रेनों में दिन - रात औचक टिकट जांच की जा रही है । मंडल के विभिन्न रेल खंडों और मुख्य रेलवे स्टेशनो पर भी सघन टिकट जांच की जा रही है । उत्तर मध्य रेलवे यात्री सेवा में सदैव तत्पर है` अतःयात्रियों से अनुरोध है कि वह उचित यात्रा टिकट लेकर ही यात्रा करे ,स्टेशन तथा रेल परिसर में गंदगी न फैलाए ।

# बमनपुरी गांव में भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों ने चलाया सदस्यता अभियान

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों के द्वारा थाना क्षेत्र बमनपुरी गांव में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में युवा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव व ब्लॉक अध्यक्ष खुशीराम यादव ने सैकड़ों लोगों को किसान यूनियन की सदस्यता दिलाई। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने लोगो को किसानों के हित में कार्य करने के लिए एकजुट रहने का आव्हान किया। इस मौके पर युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन यादव, युवा ब्लॉक अध्यक्ष राजवीर यादव, शिव कुमार, विजय कुमार शर्मा, ज्ञान सिंह, हरि सिंह, वेदराम, धर्मेंद्र शर्मा, मोहन राजपूत, नौबत सिंह, ओमपाल, मदनलाल, रामपाल, लालाराम, नन्नू, रमेश रतनलाल आदि शामिल हुए।

# जमीनो के खरोद फरोख्त में धोखाधड़ी रोकने को बीडीए कर रहा है ब्यौरा तैयार

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। पीलीभीत, शाहजहांपुर, नैनीताल और बदायूं मार्ग के दोनों ओर 30 मीटर क्षेत्र महायोजना में हरित पट्टी के लिए आरक्षित है। बैनामों में इसका उल्लेख अनिवार्य होगा। आमतौर पर लोग सड़क के किनारे व्यावसायिक-रिहायशी निर्माण कराने के लिए महंगी जमीन खरीदते हैं। जब वह बीडीए (बरेली विकास प्राधिकरण) में नक्शा पास कराने जाते हैं तो पता लगता है कि यह



जमीन तो हरित पट्टी के लिए है। भवन निर्माण नहीं हो सकता। ऐसे में उनके करोड़ों रुपये फंस जाते हैं।

ऐसे कई मामले शासन तक तो कुछ कोर्ट तक पहुंच गए। खरीदारों ने तर्क दिया कि महायोजना में कौन भी भूमि किस कार्य के लिए आरक्षित है, उन्हें इसकी जानकारी नहीं है, न ही किसी ने अवगत कराया। इम्तियाज हुसैन बनाम उप्र राज्य व अन्य मामले में पारित आदेशों में अदालत ने सरकार से कहा कि इस बारे में लोगों को जागरूक किया चाए। इसी क्रम में बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) कार्यालय में सोमवार को कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें स्पष्ट बताया गया कि अब बैनामे में पार्क/ग्रीन बेल्ट व भू उपयोग की जानकारी महायोजना के अनुरूप दर्ज की जाए।

**संपत्ति खरीदने से पहले कर लें पड़ताल:** बीडीए उपाध्यक्ष मनिकंडन ए ने बताया कि संपत्ति खरीदते समय यह भी पता करें कि भूखंड विकास प्राधिकरण अथवा अन्य किसी विभाग के पास बंधक तो नहीं है। भू उपयोग की भी जानकारी कर लेनी चाहिए। बीडीए सचिव योगेंद्र कुमार ने उप निबंधकों को बताया कि महायोजना में पार्क, खुले स्थल, ग्रीन बेल्ट, क्रीड़ास्थल और सड़कों के किनारे प्रस्तावित भू उपयोग का विवरण गाटावार रजिस्ट्री कार्यालय को उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि बैनामे में यह जानकारी दर्ज की जा सके। इस प्रक्रिया से आम आदमी को भू उपयोग की जानकारी होगी। लोग धोखाधड़ी का शिकार नहीं होंगे।

# एसएसपी ने थाना आंवला का किया वार्षिक निरीक्षण

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को किया गया पुरस्कृत

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली अनुराग आर्य द्वारा थाना आंवला का वार्षिक निरीक्षण किया गया। वार्षिक निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, मेस, कम्प्यूटर कक्ष, थाना परिसर, कर्मचारी बैरक, निमार्णाधीन बिल्डिंग आदि का भौतिक रूप से भ्रमण कर जायजा लिया गया। साथ ही थाना कार्यालय में प्रचलित अभिलेखों को चैक किया गया। थाने के अभिलेखों का रख रखाव सही/ठीक ठाक पाया गया और अभिलेखों को अद्यावधिक करने हेतु निर्देश दिये गये। महोदय द्वारा थाने की साफ सफाई सही पाये जाने पर पुलिस कर्मियों की प्रसंशा की गयी। जनसुनवाई व शासन की प्राथमिकताओं की समीक्षा की गयी।

तत्पश्चात थाना आंवला क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, मीडिया बन्धुओं, व्यापार मण्डल, किसानों व सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ गोष्ठी की गई। गोष्ठी में मौजूद थाना क्षेत्र के व्यक्तियों से पुलिस की कार्यशैली को लेकर फीडबैक लिया गया, जिसमें सम्भ्रान्त व्यक्तियों द्वारा थाने की कार्य प्रणाली सकारात्मक बातें बताई गयी तथा अपराध नियंत्रण के सम्बन्ध में भी पहले से बेहतर कार्य हुआ है, प्रभारी निरीक्षक आंवला को शिकायतकताओं के साथ सभ्य व्यवहार करते हुए समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। वार्ता के क्रम में जनता के व्यक्तियों द्वारा थाना क्षेत्र में यातायात अतिक्रमण की समस्या बतायी गयी, जिसके सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक यातायात, बरेली के नेतृत्व में टीम द्वारा मौका मुआयना



कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।

निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना आंवला पर नियुक्त निम्न पुलिसकर्मियों को उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली के लिये पुरस्कृत किया गया

म0उ0नि0 प्रशि0 पूजा गोस्वामी को जनसुनवाई के दौरान मौजूद आमजन लोगों द्वारा दिये गये फीडवैक, एनबीडब्लू/वसूली वारंट की तामीला व उनके अच्छे व्यवहार उत्कृष्ट कार्यशैली के चलते पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देने की घोषणा की गयी है।

उ0नि0 हितेश कुमार को विवेचनाओं का विधिक निस्तारण व जनसुनवाई के दौरान मौजूद आमजन लोगों द्वारा दिये गये फीडवैक, उनके अच्छे व्यवहार उत्कृष्ट कार्यशैली के चलते पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देने की घोषणा की गयी है।

# शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजि. के नए कार्यालय का हुआ भव्य उद्घाटन

## सिरोली रोड बंधन बैंक के पास श्री श्याम ट्रेडर्स के नीचे बना नया कार्यालय

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद रामपुर विधान केसरी। बुधवार को नगर शाहबाद में भारत के चौथा स्तंभ कहे जाने वाले शाहबाद पत्रकार वेलफेयर संगठन रजिस्टर्ड के मीडिया कर्मियों के लिए यादगार दिन रहा। बताते चलें कि शाहबाद तहसील के मीडिया कर्मियों के लिए संगठन के सहयोग से नए कार्यालय की शाहबाद के सिरोली रोड बंधन बैंक स्थित श्री श्याम ट्रेडर्स के नीचे बेसमेंट में अध्यक्ष आफताब, संस्थापक अंकित गुप्ता , संरक्षक



सखावत अली , महासचिव सिफत मियां आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। जिसके बाद एक मासिक बैठक का आयोजन हुआ। भारत के चौथा स्तंभ के मीडिया कर्मियों ने अपने-अपने द्वारा संगठन को मजबूत एवं सुंदर भविष्य की अनेक बातों पर प्रकाश डाला। जिस मौके पर अध्यक्ष आफताब बेग,महासचिव सिफत मियां, सस्थापक अंकित गुप्ता, संरक्षक सखावत अली,वरिष्ठ उपाध्यक्ष एहसान खान, संगठन मंत्री विनोद गुप्ता , कनिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल जोशी, कोषाध्यक्ष, मुस्तुफा अली, वरिष्ठ सदस्य शराफत हुसैन हस्सानी, प्रवक्ता शाहनवाज अली,वरिष्ठ सदस्य, राजीव भटनागर, विधिक सलाहकार अभिषेक शर्मा, सचिव आकाश शंकर , शावेज उर्फ छोटे, सुनील कुमार, वीरेंद्र सिंह, आदि मौजूद रहे।

# देवबंद के हिस्ट्रीशीटर निजाम ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

## विधवा राशन डीलर से मांगी थी दो लाख की रंगदारी

कैराना। विधवा राशन डीलर से दो लाख रुपये की रंगदारी के मामले में वांछित चल रहे देवबंद के हिस्ट्रीशीटर निजाम ने पुलिस को चकमा देकर कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। उससे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। इससे पूर्व में मामले में पुलिस हिस्ट्रशीटर इनाम धुरी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

मोहल्ला आर्यपुरी निवासी विधवा मुर्शिदा ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उससे हिस्ट्रीशीटर बदमाश इनाम उर्फ धुरी द्वारा दो लाख रुपये की रंगदारी की मांग की जा रही है। 25 जनवरी को उसके पुत्र अनस पर हिस्ट्रीशीटर धुरी ने अपने साथी हिस्ट्रीशीटर निजाम के साथ मिलकर हमला किया। उस पर तमंचों से फायरिंग की गई, जिसमें वह बाल–बाल बच गया। बाद में जान से मारने की धमकी भी दी गई। खुलेआम धमकी देने की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। इसके अलावा अगले ही दिन मोहल्ला आलकलां स्थित वार्ड नंबर–11 के मौजूदा सभासद रहीस अहमद के साथ भी दोनों आरोपियों द्वारा मारपीट की गई थी। मारपीट की वीडियो भी वायरल हुई थी। इस मामले में भी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने आरोपी हिस्ट्रीशीटर इनाम उर्फ धुरी को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा भी बरामद किया गया था। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया था। जहां से जेल भेज दिया गया था।

उधर, पुलिस हिस्ट्रीशीटर निजाम की तलाश में जुटी हुई थी, लेकिन हिस्ट्रीशीटर ने पुलिस को चकमा दे दिया और कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। बताते हैं कि निजाम सहारनपुर जिले के देवबंद थाने का हिस्ट्रीशीटर है।

# लक्ष्य के अनुरूप पीएम सूर्यघर योजना में प्रगति हासिल करें विभाग- डीएम

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



चित्रकूट ब्यूरोः पीएम सूर्यघर योजना की समीक्षा बैठक बुधवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को योजना का प्रसार-प्रसार करते हुए लाभार्थियों को इससे आच्छादित करन के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत जनपद में बारह हजार घरों को आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके अन्तर्गत लाभार्थी अपने घरों पर सोलर रूफटॉप/सोलर पावर प्लाण्ट स्थापित कर विद्युत बचत कर सकते है। जिसके लिए शासन के निर्देश के क्रम में नगर पालिका अथवा नगर पंचायतो को लक्ष्य आवन्टित किया गया है। जिसमें नगर पालिका परिषद कर्वी को 9900, नगर पंचायत मऊ को 300, राजपुर को 300, मानिकपुर को 300 एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को 200 तथा जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को 1,000 घरों को सोलर रुफटॉप युक्त करने का लक्ष्य दिया गया है। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारत एवं राज्य सरकार की इस महात्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को अच्छादित किया जाए।

जिलाधिकारी ने बताया कि इसके लिए पीएम सूर्यघर पोर्टल की वेबसाइट अथवा स्मार्ट फोन पर एप्लीकेशन डाउनलोड कर आवेदन किया जा सकता है। कहा कि सभी सम्बन्धित अधिकारी अपने कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत लाभार्थियों को प्रेरित कर आवेदन कराना सुनिश्चित करें, जिससे लक्ष्य की प्राप्ति हो सके। जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि विद्यालयों के प्रधानाचार्यो, ग्राम सचिवों द्वारा प्रचार-प्रसार कराकर लोगों को लाभ दिलाए। परियोजना अधिकारी नेडा एके श्रीवास्तव से कहा कि वेन्डरो को संबंधित अधिकारियों से संपर्क करके सोलर रूफटॉप लगाने के निर्देश दिए साथ ही मुख्य चिकित्साधिकारी तथा जल जीवन मिशन को भी लक्ष्य निर्धारित किया जाए। अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक से कहा कि इस योजना में बैंकों के माध्यम से लोगों को लाभान्वित किया जाए। वेन्डरो से कहा कि जिन लाभार्थियों ने अपना पंजीकरण कराया है, उनका तत्काल सोलर रूफ टॉप लगवाएं। बताया कि इस योजना में भारत सरकार द्वारा एक किलो वाट पर रु 30000, दो किलो वाट पर 60000, तीन किलो वाट पर 78000 एवं तीन से 10 किलो वाट तक 78,000 रु अनुदान देय है। बताया कि एक किलोवाट सोलर पावर प्लांट से प्रतिदिन 5 यूनिट विद्युत पैदा करके ग्रेड में आपूर्ति किया जा सकता है इस प्रकार एक माह में करीब 150 यूनिट आप ग्रेड में दे सकते, जो की विद्युत बिल से आपका बिल घटकर बचे हुए बिल की धनराशि देय होगी

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मानिकपुर भारत सिंह, मऊ/राजापुर बीके गौतम सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट कर धमकी देने का आरोप

ललितपुर थाना बालाबेहट के ग्राम पिपरौनिया निवासी रामबाबू पुत्र कैलाश सहरिया ने पुलिस को तहरीर देकर गांव में रहने वाले हीरालाल सहरिया पर बीते रोज गाली गलौज करने से मना करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाये है। पुलिस ने नामजद आरोपित के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### ट्रैक्टर पलटने से हुई युवक की मौत का मामला दर्ज

ललितपुर शहर कोतवाली क्षेत्र में स्थित टौरिया नहर के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट जाने से हुई एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना जखौरा के ग्राम गुरसौरा निवासी सेवराज पुत्र सावधान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दस जनवरी को उसका पुत्र ट्रैक्टर चालक सुरेन्द्र पुत्र मंगल लोधी निवासी ग्राम गुरसौरा के साथ ट्रैक्टर पर बैठकर उसका पुत्र अखलेश जा रहा था। तभी ग्राम टौरिया नहर के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में पीडित के पुत्र की मौत हो गयी। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### ग्राम गौना में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट

ललितपुर थाना नाराहट क्षेत्र के ग्राम गौना में दो पक्षों के बीच एक-दूसरे के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। प्रथम पक्ष से ग्राम गौना निवासी यशपाल पुत्र प्रभू अहिरवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि तीन फरवरी को वह गांव में परिजनों के साथ था। तभी गांव में रहने वाला विपक्षी राघवेन्द्र पुत्र प्रकाश अपने दो अन्य साथियों के साथ आकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगा, मना करने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देकर चले गये। तो वहीं दूसरे पक्ष से ग्राम गौना निवासी प्रकाश पुत्र चतरे ने विपक्षी यशपाल पुत्र प्रभू सहित तीन नामजद आरोपितों पर गाली गलौज करते हुये मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में क्रॉस केस दर्ज कराया है।

### चार व्यक्तियों ने ग्रामीण के साथ की मारपीट

ललितपुर थाना नाराहट के ग्राम ककरूआ निवासी नत्थुआ पुत्र बसुआ ने गांव में रहने वाले शोभरन पुत्र कोमल सहित चार व्यक्तियों पर पीड़ित व उसके परिजनों पर गाली गलौज कर मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

### दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई मारपीट

ललितपुर' महरौनी कोतवाली के ग्राम छायन व बार थाना क्षेत्र के देवरान में मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पर पुलिस ने नामजद आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया है। महरौनी के ग्राम छायन निवासी गद्दी पुत्र बालचन्द्र कुशवाहा ने गांव में रहने वाले अशोक पुत्र किशोरी यादव पर गाली गलौज करते हुये मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाये है। थाना बार के ग्राम देवरान निवासी कलू सहरिया पुत्र दुल्ला बीते रोज गांव में रहने वाले रामदयाल पुत्र प्यारेलाल सहित चार व्यक्तियों द्वारा गाली गलौज करने से मना करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाते हुये केस दर्ज कराया है। साथ ही ग्राम देवरान निवासी रामगोपाल पुत्र पलटू कुशवाहा ने गांव में रहने वाले अरविन्द पुत्र रामसेवक पर गाली गलौज करने का विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने - की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कराया है।

### सड़क दुर्घटना में हुई बाइक चालक की मौत का केस दर्ज

ललितपुर कस्बा बानपुर में दो बाइको के बीच हुई भिड़ंत में एक बाइक चालक की मौत हो जाने व बाइक सवार महिला के घायल होने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। कस्बा बानपुर निवासी प्रमोद कुमार पुत्र रामसहाय कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीस जनवरी को उसका पिता रामसहाय उसकी पत्नी के साथ बाइक से कस्बा बानपुर से गुजर रहे थे। तभी तेजगति से बाइक चला रहे अज्ञात चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में पीडित के पिता की उपचार के दौरान मौत हो गयी, तो वहीं उसकी पत्नी को उपचार के लिये भर्ती कराया गया था। पुलिस ने बाइक के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### युवक ने पिया जहर

तालबेहट कोतवाली के ग्राम खांदी के मजरा रानीपुरा निवासी वीरू राजा 35 वर्ष पुत्र मोहन सिंह मंगलवार की दोपहर युवक ने अज्ञात कारणों के चलते विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे युवक की हालत बिगड़ गई। परिजनों के द्वारा युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टरों के द्वारा युवक को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### मारपीट कर धमकी देने का आरोप

ललितपुर' नई बस्ती चौकी क्षेत्र में स्थित मुक्तिधाम के पास एक युवक के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज किया है। मोहल्ला नई बस्ती निवासी दीपक पुत्र शिवदयाल अहिरवार ने पुलिस को बताया कि तीन फरवरी को वह चंडी माता मंदिर के पीछे मुक्तिधाम के पास था। तभी मोहल्ला नई बस्ती निवासी उदय पारासर, हेमन्त पाल, अंकित अहिरवार आ गये और गाली गलौज करते हुये मारपीट करने लगा, मना करने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देकर पथराव करते हुचे चले गये। पुलिस ने नामजद आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### अपमानित कर की मारपीट, केस दर्ज

ललितपुर। थाना जखौरा के ग्राम मिनौरा में अपमानित कर मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। ग्राम मिनौरा निवासी जनक राम पुत्र मनीराम ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीते तीन फरवरी को वह गांव में था। तभी गांव का शोभाराम पुत्र कोमल कुशवाहा अपने एक साथी के साथ आया और जाति सूचक शब्दों से अपमानित कर गाली गलौज करने लगे, मना करने पर आरोपित मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने नामजद आरोपितों के खिलाफ एससीएसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

# सड़क सुरक्षा के कराए गए कार्यो का कराएं सत्यापन- डीएम

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टरेट सभागार में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निमार्ण, मरम्मत सहित अन्य कार्य मौके पर निरीक्षण करते हुए पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने प्रमुख चैराहा, मार्गो पर इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल व्यवस्था, जेब्रा क्रॉसिंग सहित सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित अन्य बिंदुओं की समीक्षा करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बांदा प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर जो मरम्मतीकरण का कार्य चल रहा है, उसको तेजी से कराए तथा जहां पर अधिक सड़क दुर्घटनाएं हो रही है, वहां पर संकेतिक बोर्ड आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग से कहा कि जो परिवहन विभाग से सड़क सुरक्षा के कार्यो के लिए धनराशि दी गई है, उसका उपभोग प्रमाण पत्र तत्काल उपलब्ध कराए ताकि दूसरी किस्त की धनराशि विभाग को भेजी जा सके। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से कहा कि सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी तथा पुलिस के अधिकारियों के साथ सड़क सुरक्षा के जो कार्य कराए गये है, उसका सत्यापन भी कराया जाए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि जो सड़क सुरक्षा के अंतर्गत विभिन्न दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में सुरक्षा के लिए, जो कार्य कराए जाने है, उनको तत्काल मौके का निरीक्षण करते हुए कराया जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग वेद नारायण, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला, यात्री कर अधिकारी दीप्ति त्रिपाठी, यातायात प्रभारी शैलेंद्र सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने की ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के कार्यों की समीक्षा

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद में निमार्णाधीन सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना, चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना एवं रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना की समीक्षा बैठक बुधवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई।

समीक्षा बैठक में डीएम ने तीनों परियोजनाओं के अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिए कि जिन कार्यो में प्रगति नहीं हो रही है, उसमें सभी कार्यदाई संस्थाएं मैन पावर बढ़ाकर प्रगति कराए। कहा कि सिलौटा मुस्तकिल के पूर्ण हो चुके कार्य की कमियों को तत्काल ठीक कराए। रैपुरा समूह पेयजल योजना में निमार्णाधीन ओवरहेड टैंक को तत्काल पूर्ण कराए तथा जो कार्य अभी शुरू नहीं हुए, उन्हें भी शुरू करें।

चांदी बांगर पेयजल परियोजना पर एलएनटी कंपनी के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि ओवरहेड टैंक, डब्ल्यूटीपी पाइपलाइन, सड़क मरम्मत आदि का जो कार्य अवशेष है, उसमें तेजी लाई जाए तथा समस्या होने पर अवगत कराकर निस्तारण कराए। कहा कि सभी कार्यदाई संस्थाएं गांवों की गलियां तथा सड़कों को ठीक कराए तथ इसकी शिकायत नहीं मिलनी चाहिए अन्यथा सम्बन्धित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कहा कि सहायक अभियंता तथा अवर अभियंता को लगाकर कार्यों का सत्यापन कराए। प्रत्येक दशा में सभी कार्य माह मार्च तक पूरे हो जाना चाहिए। अधिशासी अभियंता विद्युत को लो वोल्टेज की समस्या को ठीक कराने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता जल निगम से कहा कि जिन एजेंसियों के द्वारा इन योजनाओं के अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम सही ढंग से नहीं कराए जा रहे, उन्हें नोटिस जारी करें तथा सही ढंग से प्रचार-प्रसार कराए।

इस मौके मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, अधिशासी अभियन्ता जल निगम आशीष कुमार भारती, सहित कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# जीवन में बाधाएं आने पर मनुष्य की प्रतिभा में आता है निखार- बृजेश

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



चित्रकूट ब्यूरोः भागवत कथा मनुष्य का मरण सुधारती है। भागवत सुनना, पढ़ना और इसका चिंतन व मनन मानव जीवन के लिए श्रेष्ठ फलदायी है।

यह विचार जिला मुख्यालय स्थित कमल सदन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस कथा व्यास डॉ बृजेश कुमार पयासी ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि बिना सद्गुरु के मनुष्य की सद्गति नहीं होती है, वह संसार रूपी भवसागर में निरंतर गोते खाता रहता है। पूर्ण भाग्यशाली लोगों को सद्गुरु की प्राप्ति होती है। कई जन्मों के सतकर्मों और सद्गुरु के कारण ही जीव को सद्गति प्राप्त होती है। जड़ भरत, समुद्र मंथन एवं प्रहलाद चरित्र, नरसिंह अवतार की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए आचार्य बृजेश कुमार पयासी ने कहा कि चित्त-अचित्त विशिष्ट समग्र तत्व ही ब्रम्ह है। जीव ब्रम्ह का ही अंश है। भगवान नारायण ही इस समस्त जड़-चेतन सत्ता के स्वामी है। उनकी शरण में जाने से ही जीव की मुक्ति होती है। शरणागति ही मोक्ष का सर्वोत्तम साधन है, जीव ज्ञाता है और ज्ञान जीव का धर्म। सूर्यवंश में श्रीरामकथा का सार यह है कि जीवन में बाधाएं आने पर ही मानव की प्रतिभा में निखार आता है और बाधाएं मनुष्य को साहसी बनाती है। परेशानियों की वजह से ही हमारा सही विकास होता है। कथा में चंद्रवंश में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म, वासुदेव और नन्हे श्रीकृष्ण की सुंदर झांकी की प्रदर्शन भी किया गया। कथा श्रोता सोमा शुक्ला, पूर्व विधायक आनंद शुक्ला व मनीष शुक्ला ने झांकियों का पूजन-अर्चन किया।

इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, मऊ ब्लाक प्रमुख सुशीला वर्मा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, चंद्रप्रकाश खरे, विकास मिश्र, शिवाकांत बलुआ, कुल्लन द्विवेदी, अखिलेश पाण्डेय, अमन सिंह पटेल, आदर्श मिश्र, शेखर मिश्र, अभिनव द्विवेदी, नवल सिंह चंदेल, देवेन्द्र त्रिपाठी, राजीव त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने किया अपराध शाखा का आकस्मिक निरीक्षण

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बुधवार को क्षेत्राधिकारी कार्यालय, महिला थाना, यातायात कार्यालय एवं अपराध शाखा आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बुधवार को क्षेत्राधिकारी कार्यालय, महिला थाना, यातायात कार्यालय एवं अपराध शाखा के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने सभी परिसरों की साफ-सफाई, कार्यालयों में रजिस्टरों के उचित रख-रखाव, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, परिसर में बने शौचालय आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पानी की व्यवस्था कराने, परिसर के अन्दर रखे सामानों को व्यवस्थित रखकर साफ-सफाई कराने तथा कार्यालयों में रखे कण्डम कुर्सी, मेज, अलमारी, पंखे सहित अन्य सामाग्री को ठीक कराते हुए कटे हुए तारों को बदलवाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस मौके पर द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, थानाध्यक्ष महिला थाना सविता सरोज, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# पहलवान गुरुदीन महिला महाविद्यालय ललितपुर में वृहद वृक्षारोपण अभियान के समापन पर सम्मान कार्यक्रम आयोजित

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो





हेल्पिंग हैंडस सेवा संस्थान के तत्वाधान मे पहलवान गुरुदीन महिला महाविद्यालय ललितपुर मे सदर विधायक ललितपुर मा. रामरतन कुशवाहा जी के मुख्य अतिथ्य एवं डॉक्टर सुरेंद्र कुमार पाठक प्रभागीय वनाधिकारी ललितपुर गौतम सिंह के विशिष्ट अतिथ्य मे संस्था के 151 सदस्यों का जिन्होंने संस्था के साथ वृहद वृक्षारोपण अभियान मे सराहनीय कार्य किया कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था संरक्षक श्री नरेन्द्र दलमोत्रा ने किया कार्यक्रम मे डॉ. आशीष यादव, अनिल गिरी, मनोज गिरी, मनीषा गिरी, राजेश त्रिपाठी, श्री अरविन्द सक्सेना, डॉ. सुफिया मैम विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे मुख्य अतिथि मा. सदर विधायक ने संस्था के कार्यो की अतीसराहना करते हुए कहा की प्रदेश सरकार के मुखिया परमआदरणीय योगी जी ने एक पेड़ माँ के नाम को प्रदेश की सम्मानित जनता से जनआंदोलन मे तब्दील करने का आग्रह किया था तो मा. मुख्यमंत्री महोदय की अपील को हेल्पिंग हैंडस सेवा संस्थान ने स्वीकार करते हुए समस्त बुंदेलखंड के शैक्षणिक संस्थाओ के साथ मिलकर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम को जन जागरूक रैलियों के माध्यम से जन आंदोलन बनाया और अधिक पौधारोपण कराया ये कार्य बहुत ही सराहनीय प्रकृति हित मे है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था अध्यक्ष सत्येंद्र श्रीवास्तव ने बताया की यह संस्था पिछले 15 वर्षो से पर्यावरण पर कार्य कर रही है जो बुंदेलखंड के झाँसी ललितपुर जालौन महोबा बाँदा हमीरपुर मे कार्यरत है इस वर्ष हमारा प्रदेश वृक्षारोपण मे द्वितीय स्थान पर रहा और प्रदेश मे हमारा जनपद झाँसी वृक्षारोपण मे प्रथम स्थान पर रहा इसी उपलक्ष्य मे वन एवं पर्यावरण मंत्री मा. डॉ. अरुण कुमार जी ने 09 जनवरी 2025 को झाँसी आकर संस्था के 500 सदस्यों को पर्यावरण मित्र सम्मान से सम्मानित किया संस्था की टीम पूरे बुंदेलखंड मे कार्यरत है अब संस्था प्रत्येक जनपद मे उन सभी सदस्यों का सम्मान कर रही जो संस्था के साथ पर्यावरण पर कार्य कर रहे है इसी क्रम मे आज ललितपुर मे संस्था के 151 सदस्यों का सम्मान किया गया और कॉलेज के 50 एन. सी. सी. कैडेट्स को मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया इस मौके पर संस्था वरिष्ठ श्याम सुन्दर पटेल, श्री राधे सिंह, नारायण राजपूत, मो. अकरम, मनोज खरे, पंकज दुबे श्रीमती पूजा साहू, दीप्ति श्रीवास्तव शुलभ टिकरिया टीम लीडर मनोज कुमार, कॉलेज का समस्त स्टॉफ आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन अरविन्द संज्ञा जिलाध्यक्ष ललितपुर ने किया अंत मे जिला महामंत्री अशोक सोनी ने सभी का आभार व्यक्त किया

# पंच गौरव के संबंध में जिला कलक्टर की अध्यक्षता में बैठक हुई आयोजित

ब्यरो -एनपीटी

बूंदी, 5 फरवरी। पंच गौरव कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं संचालन हेतु गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में प्रातः 11.00 बजे उनके कक्ष में आयोजित की गई

बैठक में जिले में चिन्हित पंच गौरव के सम्बन्ध में जिला कलक्टर द्वारा एक जिला एक वनस्पति-धौंक के सम्बन्ध में वन विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए गए कि वे धौंक वृक्षों के संवर्धन के लिए सम्बंधित विश्वविद्यालयों एवं अनुसन्धान केन्द्रों से संपर्क करें।



उन्होंने एक जिला एक उपज झ चावल के सम्बन्ध में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि चावल की बुआई हेतु वर्तमान क्षेत्र में वृद्धि करने के प्रयास किये जाए तथा चावल की थ्रेशिंग हेतु क्लस्टर आधार पर यंत्र उपलब्ध कराने के प्रस्ताव तैयार करें तथा उन्होंने उत्पादित चावल के निर्यात संवर्धन हेतु उद्योग विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने एक जिला एक पर्यटन स्थल- रामगढ विषधारी टाइगर रिजर्व के सम्बन्ध में वन विभाग एवं पर्यटन विभाग को मिलकर रामगढ विषधारी टाइगर रिजर्व को पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। उन्?होंने एक जिला एक उत्पाद- सेंड स्टोन के संवर्धन एवं विकास के लिए सम्बंधित खनिज एवं उद्योग विभाग के अधिकारियों को कार्य योजना तैयार कर उस पर कार्यवाही हेतु निर्देश दिए।

उन्?होंने एक जिला एक खेल- कबड्डी के सम्बन्ध में खेल विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए की वर्तमान में कबड्डी हेतु मैदान में मेट लगवाए तथा कबड्डी खेल हेतु ग्राम स्तर से ब्लॉक एवं जिला स्तर तक की जाने वाली गतिविधियों की कार्ययोजना बनाए।

बैठक के अंत में जिला कलक्टर द्वारा पंच गौरव के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा प्रेषित दिशा निर्देशांनुसार कार्यवाही एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए वित्तीय वर्ष (2024-25) के अंतर्गत किए जाने वाले प्रमुख कार्यों की कार्ययोजना एवं लघुफिल्म बनाने के आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उपनिदेशक को निर्देश दिए गए तथा पंच गौरव कार्यक्रम के तहत अन्य किसी तकनीकी सहयोग तथा लघु फिल्म को एडिट एवं कम्पाईल करने हेतु सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक को निर्देश दिए गए।

बैठक में डीएफओ अरविंद कुमार झा, सांख्यिकी विभाग उपनिदेशक पूनम ढाका, जिला कोषाधिकारी चित्रा सिंह, सांख्यिकी निरीक्षक विक्रम सिंह हाडा व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# युवा कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक हुई संपन्न



ब्यरो -एनपीटी

बूँदी ! युवा कांग्रेस की ज़िला कार्यकारिणी की बैठक ज़िला कांग्रेस कार्यालय में बैठक हुई ! यंग इंडिया के बोल' अभियान, आईवाईसी ऐप, एवं ब्लॉक,पंचायती राज व शहर कार्यकारिणी लो लेकर हुई महत्वपूर्ण चर्चा !भारतीय युवा कांग्रेस की विधानसभा स्तरीय बैठक में श्यंग इंडिया के बोल सीजन-5 नौकरी दो नशा नहींश् अभियान की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी साहिल नकवी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकरण जी मीणा तथा विधानसभा प्रभारी कुलदीप गौतम उपस्थित रहे।जिलाध्यक्ष निशांत नुवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यंग इंडिया बोल के माध्यम से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और क्षमता स्थापित करने का अवसर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस मुहिम का उद्देश्य युवाओं को अपना भविष्य चुनने में सक्षम बनाना और उनके मनोवैज्ञानिक विचारों को उच्चस्तरीय मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करना है।बैठक में प्रदेश सचिव यासीन कुरैशी, महासचिव गिरिराज मीणा एवं वक़्फ बोर्ड के सिला अध्यक्ष इकराम बबलू ने भी अपने विचार रखे बैठक में हारून भाई, डा परमेश्वर मीणा लाडपुर, महासचिव ऋतिक यादव, फैजल खान, तुषार पुरी, सद्दाम कुरैशी, हनिकेश गुर्जर, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर युवा नेताओं ने भी अपने विचार रखे और अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# स्वस्थ जीवन का मूलमंत्र एवं आधार खेल- सहायक निदेशक

ब्यरो -एनपीटी

बूंदी, 05 फरवरी। राजस्थान मरु उड़ान महोत्सव कार्यक्रम की श्रृखंला में स्पोट्स वीक के तहत ह्यह्यबेहतर स्वास्थ्य के लिए खेल है जरूरीह्यह्य की थीम पर बुधवार को महिला अधिकारिता विभाग की ओर से विभिन्न स्थानों पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक भैरूप्रकाश नागर ने बताया कि जीवन में खेलों की महत?ता को समझाया तथा स?वस?थ जीवन हेतु खेलों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने हेतु प्रेरित किया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ बूंदी में तालेडा ब्लॉक की साथिनों के मध्य कुर्सी दौड प्रतियोगिता का आयोजन कर किया गया। साथ ही राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय विकास नगर में भी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान पर आने वाली साथिनों व छात्राओं को पुरूस्कृत किया गया। इस अवसर पर तालेडा ब्लॉक की पर्यवेक्षक प्रीति बंशीवाल, वरिष्ठ सहायक रविराज मिश्रण, जेण्डर स्पेशलिस्ट विनिता अग्रवाल, पी.एस.एस.के. की केन्द्र प्रबन्धक पूर्णिमा गौतम, परामर्शदाता सलोनी शर्मा, अक्षिता चारण, प्रिया मिश्रण उपस्थित रहे।

इन्हें किया गया पुरूस्कृत-कुर्सी दौड प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा की टीना प्रजापत, झाखमुण्ड की विष्णु कंवर, बल्लोप की मनराज, ठीकरिया चारणान की सोना मीणा अव्वल रही। इन्हें महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक भैरूप्रकाश नागर ने पुरूस्कृत किया। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय विकास नगर बून्दी की छात्रा दीक्षा, ईरम तथा सीनम अव्वल रही

## राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन के धनपाल मीणा जी पुनः प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

ब्यरो -एनपीटी

बूँदी ! राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन में धनपाल मीणा जी को संगठन के प्रति कार्यशैली को देखते हुए पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमान महेश जी मीणा राष्ट्रीय कानून सलाहकार श्रीमान हनुमान सहाय जी मीणा राष्ट्रीय प्रभारी श्रीमान मनोहर लाल जी शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती कंचन पत्रकार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री जतिन जी अग्रवाल राष्ट्रीय महासचिव श्री रमेश सिंह मामा ने उनकी कार्यशैली को देखते हुए दोबारा दूसरी बार राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण में राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्त किए गए श्री धनपाल मीणा ने राजस्थान प्रदेश में बहुत संघर्ष करके गांव गांव ढाणी ढाणी जाकर मृत्यु भोज बंद करवा और साथ ही प्रशासन को भी पत्र लिखकर अवगत कराया और संविधान के बारे में बताया नशा मुक्ति व दहेज प्रथा के बारे में हर समाज को जागरूक किया और पैसे मृत्यु भोज में खर्च न करके अपने बेटे बेटियों की शिक्षा पर खर्च करने पर जोर की बात गांव-गांव ढाणी जाकर बताई इन्होंने प्रदेश में कम से कम 250 पत्र लिखकर प्रशासन को और गांव ढाणी में जाकर मृत्यु भोज को बंद कराया और उनको बताया कि यह जो पैसे आप बचा रहे हो यह बेटियों की शिक्षा पर खर्च करो ताकि आजकल शिक्षा का जमाना है इनका बहुत सराहनीय कार्य रहा है और उनकी पुनः नियुक्ति से राष्ट्रीय पदाधिकारी ने और राजस्थान के पदाधिकारी ने खुशियां मनाएं और बधाई दी

# जयपुर से महाकुंभ के लिए एक और डेली फ्लाइट शुरू, किराया और समय जान लीजिए

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

जयपुर। राजधानी जयपुर से महाकुंभ में जाने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। स्पाइसजेट और एलाइंस एयरलाइंस के बाद इंडिगो एयरलाइंस ने प्रयागराज के लिए सीधी फ्लाइट शुरू की है। यह फ्लाइट कुंभ मेले तक संचालित की जाएगी।

जयपुर से प्रयागराज महाकुंभ जाने के लिए इंडिगो एयरलाइंस सीधी फ्लाइट शुरू की है। अब महाकुंभ जाने वाले यात्रियों को एक और विकल्प मिलेगा। इसके साथ ही किराया कम होने की भी उम्मीद है। यह राजस्थान से महाकुंभ जाने वाली चौथी फ्लाइट है।

बता दें कि राजस्थान से महाकुंभ के लिए स्पाइसजेट और एलाइंस एयरलाइंस के बाद अब इंडिगो एयरलाइंस ने भी सीधी फ्लाइट चलाने का फैसला लिया है। बढ़ते हुए यात्रियों की संख्या को देखते हुए इंडिगो एयरलाइंस ने इसकी शुरूआत की है। जो प्रतिदिन जयपुर से प्रयागराज के लिए चलेगी। हालांकि, यह फ्लाइट कुंभ मेले तक ही संचालित की जाएगी।

इंडिगो एयरलाइंस के प्रवक्ता ने बताया, जयपुर से महाकुंभ के लिए सीधी फ्लाइट (फ्लाइट संख्या 6ए-5001) बुधवार (पांच फरवरी) से 28 फरवरी तक संचालित होगी। जयपुर से प्रतिदिन सुबह सात बजे उड़ान भरेगी, जो एक घंटे 20 मिनट में प्रयागराज पहुंचेगी।

**28 फरवरी तक होगी संचालित**

प्रयागराज से फ्लाइट संख्या 6ए-5019 प्रतिदिन जयपुर के लिए 28 फरवरी तक संचालित होगी। प्रयागराज से शाम आठ बजकर 55 मिनट पर रवाना होगी। जो एक घंटे 20 मिनट में अपना सफर पूरा कर 10 बजकर 15 मिनट पर जयपुर प्रस्थान करेगी।

बता दें कि वर्तमान में जयपुर से प्रयागराज के लए लगभग 15 हजार रुपये से ज्यादा रुपये किराया है। ऐसे में उम्मीद है कि चौथी फ्लाइट इंडिगो एयरलाइंस की शुरू होने के बाद किराए में भी कमी आएगी। अधिक जानकारी के लिए इंडिगो एयरलाइंस की ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट करें।

# नरसाणा में मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल हुए CM भजनलाल, पानी की आपूर्ति पर दिया बड़ा बयान



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

जालौर/ जयपुर। जालौर जिले के नरसाणा गांव में दुधेश्वर महादेव मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में जालौर पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिले में पानी की समस्या को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि जल्द ही माही डेम से पानी लेकर जवाई बांध में डाला जाएगा, जिससे जालौर के लोगों को पानी की सुविधा मिलेगी।

जालौर के बागोड़ा उपखंड में नरसाणा गांव के दुधेश्वर महादेव मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को जालौर पहुंचे। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने राज्य में पानी की आपूर्ति को लेकर सरकार की योजनाओं का खुलासा किया और जालौर जिले को पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि राज्य सरकार पानी की समस्या का समाधान करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि माही डैम से पानी लेकर जवाई बांध में डाला जाएगा, जिससे जालौर जिले के लोगों को पानी की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पिछले एक साल से पानी की समस्या पर काम कर रही है और अब हम माही डैम से जवाई बांध तक पानी पहुंचाने का काम करेंगे, जिससे क्षेत्र को लाभ होगा।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास और विरासत के बारे में भी बात की और कहा कि सरकार ने एक साल में राज्य का रोडमैप तैयार किया है, जिसमें पानी की कमी से निपटने के लिए कई योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में जालौर सहित अन्य क्षेत्रों में भी पानी की स्थिति में सुधार होगा।

सीएम ने आगे कहा कि राज्य सरकार ने जो वादे किए थे, उन्हें पूरी तरह से निभाया जा रहा है और एक साल में 55 प्रतिशत वादे पूरे कर दिए गए हैं। इसके अलावा किसानों के लिए दिन में बिजली देने का वादा भी पूरा करने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं के रोजगार के लिए भी सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया और बताया कि एक साल में 60 हजार नौकरियां दी गई हैं और आगामी पांच साल में कुल चार लाख रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है।

इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने राम मंदिर निर्माण का भी जिक्र किया और कहा कि पिछले साल राम मंदिर का निर्माण पूरा हुआ था, जो पांच सौ साल पुराना सपना था। उन्होंने कहा, हम विकास और विरासत का सपना लेकर चल रहे हैं और मंदिर हमारी सनातन संस्कृति का अहम हिस्सा हैं। इस दौरान सांचौर के विधायक जीवाराम चौधरी, सांसद लुम्बाराम चौधरी, भीनमाल विधायक डॉ. समरजीत सिंह, जिला प्रमुख राजेश राणा, भाजपा जिला प्रभारी महेंद्र बोहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज पुरोहित समेत कई अन्य नेता और अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# दो ग्राम पंचायतों में सरपंच के उपचुनाव 14 फरवरी को, प्रत्याशियों ने दाखिल किए नामांकन पत्र

केकड़ी । केकड़ी पंचायत समिति की दो ग्राम पंचायत कादेड़ा और मोलकिया में 14 फरवरी को सरपंच का उपचुनाव होने जा रहा है। इसके लिए बुधवार को कादेड़ा में सात और मोलकिया में चार प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। केकड़ी पंचायत समिति की दो ग्राम पंचायत कादेड़ा व मोलकिया में सरपंच पद के उपचुनाव का बिगुल बज गया है। दोनों ग्राम पंचायतों में मतदान 14 फरवरी को होगा। इसके लिए बुधवार को उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए गए। कादेड़ा में 7 व मोलकिया में 4 पर्चे भरे गए। गुरुवार को दोपहर 3 बजे तक पर्चा वापस लेने का समय है। इसके बाद दोनों ग्राम पंचायतों में चुनाव की तस्वीर साफ हो जाएगी। बुधवार को सम्पन्न हुई नामांकन प्रक्रिया के अंतर्गत कादेड़ा में कुल सात नामांकन दाखिल किए गए। नामांकन दाखिल करने आए दावेदार ढोल ढमाको व समर्थकों के साथ पंचायत भवन पहुंचे और निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन दाखिल किया। यहां पिछले कई दिनों से सरपंच का चुनाव सर्वसम्मति से कराने की रणनीति बनाई जा रही थी। लेकिन एनवक्त पर सभी समीकरण धरे रह गए और सात दावेदारों ने नाम दाखिल कर चुनाव को रोचक बना दिया। यहां कमेलश कुमार रेगर, चन्द्रसेन, रफीक मोहम्मद, राजेन्द्र सिंह राठौड़, रामस्वरूप गुर्जर, रेखा जादम व लाल चन्द खटीक ने आरओ राजेश जैन के समक्ष नामजदगी का पर्चा दाखिल किया। गौरतलब है कि कादेड़ा सरपंच का पद तत्कालीन सरपंच रेखा जादम के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के कारण रिक्त हुआ है।

## जिला कलेक्ट्रेट पर आमरण अनशन गुरुवार से,मानवाधिकार आयोग पहुंचा मामला

# मनीष मीणा हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर आंदोलन जारी

ब्यरो -एनपीटी

बूंदी 5 फरवरी। अखिल भारतीय श्री मीणा समाज विकास समिति की ओर से शिक्षक मनीष मीणा हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर बुधवार को बूंदी ब्लॉक के ग्रामीणों की ओर से क्रमिक अनशन किया गया। 29 दिन के आंदोलन की कोई परिणाम नहीं निकलने के बाद वहीं गुरुवार से बूंदी जिला कलेक्ट्रेट पर आमरण अनशन प्रारंभ किया जायेगा।वहीं मंगलवार को शिक्षक मनीष मीणा हत्याकांड में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग में राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा की ओर से शिकायत दर्ज की गयी है।

**प्रशासन की संवेदनहीनता से अनशन को मजबूर हुये**

मीणा समाज के संरक्षक आनंदीलाल मीणा ने कहा कि 29 दिन से बूंदी जिला कलेक्ट्रेट पर धरना दिया जा रहा है। 5 दिन क्रमिक अनशन को हो गये लेकिन अभी तक जिला प्रशासन और राज्य सरकार के द्वारा मनीष मीणा हत्याकांड में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गयी है।प्रशासन व राज्य सरकार की संवेदनहीनता से आमरण अनशन को मजबूर हुये है।



**क्रमिक अनशन व धरना जारी रहा**

बुधवार को बूंदी ब्लॉक से रामेश्वर मीणा, नीरज मीणा महेश मीणा, शंभू मीणा, सुखपाल मीणा, फोरूलाल, खानाराम मीणा,लटूरलाल मीणा ,मोरपाल मीणा रामस्वरूप मीणा, सोहनलाल मीणा ,गोलू मीणा एक दिवसीय क्रमिक अनशन पर रहे।वहीं जिला कलेक्ट्रेट पर धरना धरना बुधवार को 29 में दिन भी जारी रहा। बुधवार को धरने पर मीणा समाज संरक्षक आनंदीलाल मीणा,राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा,एडवोकेट हेमराज मीणा एडवोकेट देवराज मीणा पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा,पूर्व तहसीलदार रामकरण मीणा,अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद कवरिया,एडवोकेट हेमराज मीणा नाडाहेत, ग्रामीण जिला अध्यक्ष लोकेश मीणा,उपसरपंच मदनलाल गुर्जर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष चेतराम मीणा,सत्यनारायण,हनुमान, धारासिंह,हंसराज पुजारी, मगनलाल,सोहनलाल,प्रकाश मीणा, हुकमचंद मीणा, कमलेश मीणा ,लोकेश मीणा, दुर्गा लाल मीणा ,महावीर मीणा ,सोहनलाल, प्रकाश, गिरिराज भीमगंज ,कुलदीप मीणा ,सोनू कुमार मीणा, गीताराम मीणा, हरिओम मीणा किशनलाल बिहारी,भंवरलाल,अजय सिंह, घासीलाल,छोटूलाल, प्रभुलाल, बसनलाल, हीरालाल ,कालू लाल ,पप्पू लाल, ओमप्रकाश, पूर्व सरपंच नेमीचंद, धन्नालाल, लटूर लाल ,अनिल ,एडवोकेट श्रीराम आर्य, रामराज मदनलाल ,जोधराज गुर्जर,किशनलाल कैलाश मीणा, अनिल मीणा, राजू मीणा आदि सम्मिलित हुये।

**मानवाधिकार आयोग में दर्ज हुयी शिकायत**

शिक्षक मनीष मीणा हत्याकांड में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग में राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा की ओर से अधिकृत शिकायत दर्ज की गयी है। शर्मा ने आयोग से पीड़ित परिवार को राज्य सरकार की ओर से 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलवाने और परिजनों को अनुकंपात्मक नियुक्ति दिलवाने की मांग की है। मानव अधिकार आयोग में दर्ज शिकायत में कहा गया है कि यह मानव अधिकारों के हनन का गंभीर मामला है और पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाते हुये मानवाधिकारों की रक्षा की जानी चाहिये।

## शादी का जश्न या मौत का सफर, खतरनाक स्टंट का बढ रहा चलन

# बारात लेकर जा रहे दूल्हा व उसके दोस्तों ने जमकर मचाया हुडदंग



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चौसाना। युवाओं में सोशल मीडिया पर रील्स बनाने के प्रति काफी क्रेज देखने को मिल रहा है,इंटरनेट मीडिया पर रील्स के चक्कर में युवा कानूनी नियमों की भी धज्जियां उड़ा रहे है। बुधवार को करनाल-सहारनपुर हाईवे के खोडसमा गांव में दूल्हा व उसके दोस्तों ने गाड़ियों में जमकर हुड़दंग मचाया। लोगो ने विडियों बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित किया। जिसमे कुछ नाबालिग व कुछ युवक कार की सनरूफ से बाहर निकलकर हुड़दंग करते दिख रहे है। जिसके कारण पास से गुजरने वाले वाहन चालक भी डर गये।

समय के साथ ही कारों के डिजाइन, टेक्नोलॉजी और फीचर्स में खासा बदलाव हो गया है। कारो मे आने वाली सनरूफ के कई वैज्ञानिक मायने है। लेकिन आजकल के युवा शादी जैसे कार्यक्रमों मे व रील्स बनाने के चक्कर मे सनरूफ का गलत इस्तेमाल करके मौत को दावत दे रहे है। खोडसमा का एक विडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है जिसमे कुछ युवा कार की सनरूफ से बाहर निकलकर हा-हुल्ला करते हुये हुडदंग करते दिखे है। पास से गुजरने वाली बाइक व उन पर बैठी महिलाये तक हुडदंग से डर गई।युवाओं की ऐसी हरकतें कई बार हादसो का कारण बनती है।

ऐसे सनकी युवक अपनी और दूसरों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं, न तो इन्हें पुलिस का डर है और न ही परिवार का। इस दौरान बाइक सवार भी बगल से गुजरते नजर आए, जिससे हादसे का खतरा कई गुना बढ़ गया। खोडसमा-चौसाना के राजकुमार ,सुनिल,कवरपाल,अनुसार, इस तरह की घटनाएं पहले भी देखी जा चुकी हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन इसे रोकने में नाकाम साबित हो रहा है।

ऐसे स्टंटबाजों पर कार्रवाई न होने से इनके हौसले बुलंद हैं। सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर पुलिस को सख्त कदम उठाने की जरूरत है, ताकि भविष्य में कोई बड़ा हादसा न हो।

## चौसाना-बिडौली मार्ग पर दौड़ रहे अवैध डंपर

चौसाना। चौसाना-बिडौली मार्ग पर बिना नंबर प्लेट और बिना तिरपाल ढके हुए ओवरलोड डंपर तेज रफ़्तार से दौड़ रहे हैं। इन डंपरों से उड़ने वाली रेत राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। सड़क से गुजरते समय राहगीरों की आंखों में रेत गिर रही है, जिससे न केवल असुविधा हो रही है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। इस समस्या से परेशान ग्रामीणों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे सड़क जाम करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि ये डंपर खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं और प्रशासन इसे रोकने में नाकाम साबित हो रहा है। अरविंद कुमार, अंकुर तोमर, मैनपाल ऊदपुर, केपी सिंह समेत कई ग्रामीणों ने कहा कि इन डंपरों की तेज रफ्तार और उड़ती धूल-रेत से उनका जीना मुश्किल हो गया है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो वे मजबूर होकर सड़क पर उतरेंगे और बड़ा विरोध प्रदर्शन करेंगे। एआरटीओ रोहित राजपूत ने बताया कि इससे पहले बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई थी और आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध डंपरों पर शिकंजा कसा जाएगा।

# छात्राओं को दी मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की जानकारी

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

शामली। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबंध नगर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत जिला समाज कल्याण विभाग जनपद शामली की अधिकारी मंजू चौधरी ने कन्या सुमंगला योजना की जानकारी देते हुए बालिकाओं को बिस्किट ,फ्रूटी ,बैडमिंटन, शटल, कैरम बोर्ड, हॉकी स्टिक, लूडो वॉलीबॉल खेल व खाद्य सामग्री वितरण की। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने आई हुई अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए बालिकाओं को कन्या सुमंगला योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य संदीप कुमार कविता रानी गीता रानी उपासना रानी मोहित कुमार कपिल कुमार धर्मेंद्र कुमार वंदना रानी रेनू रानी आकांक्षा रानी अनीता रानी दिव्या रानी साक्षी रानी अश्विनी कुमार अमित कुमार रवि कुमार आदि आचार्य गण उपस्थित रहे।

## अधेड का मिला शव, पीएम के लिए भेजा

शामली। कोतवाली क्षेत्र के नौकुआं पुलिया से एक अधेड व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की उम्र करीब 50 वर्ष बताई गई है, जो ग्रे कलर की पेंट व नीली शर्ट पहने हुए है। मौत के कारणों की भी पुष्टि नहीं हो सकी है।

## जैनमुनि सौरभ सागर महाराज का शामली आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

शामली। नगर आगमन पर जैन मुनि आचार्य श्री 108 सौरभ सागर महाराज का जैन समाज ने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर जैन समाज के लोगों द्वारा आरती उतारकर व बैंडबाजों के साथ भव्य स्वागत किया गया। महिलाओं व बच्चों ने नृत्य व स्वागत गान कर महाराज का स्वागत किया।

जैन मुनि आचार्य श्री 108 सौरभ सागर महाराज का बुधवार को शामली आगमन हुआ। कैराना रोड पर स्थित एक प्रतिष्ठान पर जैन मुनि का भव्य स्वागत किया गया। जहां से जैन मुनि ने मुख्य मुख्य मार्गो से होते हुए जैन धर्मशाला में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न कराने हेतु प्रवेश किया। इस दौरान वीतराग पाठशाला के बच्चों ने बैंड के साथ जैन मुनि का स्वागत किया। धर्म प्रभाव व युवा समिति के बच्चों ने आगमन पैदल यात्रा की कमान संभाली। पंचकल्याणक महिला समिति, महिला जैन मिलन तीर्थंकर, भारतीय महासंघ आदिनाथ, जैन मिलन नवचेतन ज्योति मंडल, ऋषभ महिला मंडल, तेजस्विनी दिगंबर महासमिति आदि द्वारा सहयोग किया गया। इस दौरान प्रीति जैन, शिवानी जैन, शरद जैन, दीप जैन, सार्थक जैन सम्यक जैन ऋत्विक जैन पवित्र जैन आर्यन जैन, मयंक जैन, प्रवीन जैन, वैभव जैन, रवि जैन, वीरेश जैन, सचिन जैन, अमित जैन, नवीन जैन, पंकज जैन, आलोक जैन, मोहित जैन, अजय जैन, राजीव जैन, अनुज जैन आदि मौजूद रहे।

# बच्चों को माता-पिता से नहीं मिल पा रहे संस्कार

## एमजी पब्लिक स्कूल में मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया गया

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

शामली। नगर के अटल विहार कॉलोनी स्थित एमजी पब्लिक स्कूल में संत श्री आसाराम द्वारा प्रेरित मातृ पितृ पूजन दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में मनुष्य इतना व्यस्त हो गया है कि वह अपने बच्चों को सांस्कृतिक व संस्कार देना भूल सा गया है उसके पास अपने बच्चों को अच्छे सर्वगुण संस्कार देने का समय ही नहीं है जिसके अभाव में बच्चों को अपने माता-पिता का वो प्यार नहीं मिल पाता है जिसके भी हकदार हैं उसी के फल स्वरुप आज के बच्चे कु संगत वह तनावपूर्ण जीवन जीने के लिए मजबूर हो रहे हैं। संत आसाराम द्वारा संचालित मातृ पितृ पूजन में बच्चे अपने-अपने माता-पिता का पूजन करते हैं उनसे आशीर्वाद लेते हैं तथा उनके गले लगकर भावनात्मक प्रेम की अनुभूति प्राप्त करते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामपाल सिंह सभी का आभार व्यक्त किया और अपने विचार रखें कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यालयों में होते रहने चाहिए जिससे बच्चों को उचित संस्कार मिल सके और और अपने माता-पिता का प्यार मिले। इस अवसर पर भाजपा की जिला उपाध्यक्ष शशि अरोड़ा, डॉक्टर अंकित ने कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई

## प्रत्येक सदस्य ने लिया 10 हजार डिजिटल हस्ताक्षर कराने का संकल्प, युवाओं को उधमी बनाने हेतु डिजिटल हस्ताक्षर अभियान का हुआ आरम्भ

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

शामली। स्वावलंबी भारत अभियान के तहत नगर पालिका परिषद सभा हॉल में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें प्रांत सह समन्वयक विपिन कुमार सिंघल द्वारा प्रत्येक युवा को उधमी बनाने हेतु डिजिटल हस्ताक्षर अभियान की जानकारी दी गयी ।

बैठक में उन्होंने बताया हमे उधमिता जागरण अपनाते हुए दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं का ही प्रयोग करना चाहिए एवं हमारे व्यवहार में भी स्वदेशी भाव दिखना चाहिए। डिजिटल हस्ताक्षर अभियान में केन्द्र एवं राज्य सरकार के संरक्षण में उधमिता आयोग की स्थापना हेतु जन जागरण करना भी है। वरिष्ठ कार्यकर्ता मनीष भटनागर ने महाविद्यालय में अध्ययनरत युवाओं को अभियान से जोड़ने हेतु कार्यक्रम आयोजित करने का आवाहन किया। अभियान के संरक्षक एवं एकल अभियान प्रमुख अमित गोयल ने शामली में अधिकतम हस्ताक्षर का लक्ष्य पूर्ण करने में सहयोग का आश्वासन दिया। प्रत्येक सदस्य द्वारा 10 हजार डिजिटल हस्ताक्षर कराने का संकल्प लिया गया। बैठक में राजकुमार, अजय आर्य, विकल चौधरी, मनोज सैनी, सत्यपाल सिंह, ऋषिपाल सैनी का सहयोग रहा।

## आशीष गुलिया ने नौकायन प्रतियोगिता में जीता सिल्वर मेडल

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बाबरी। बाबरी क्षेत्र के गांव कांजरहेड़ी के खिलाड़ी ने उत्तराखंड में नौकायन में सिल्वर मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया गया था। उत्तराखंड की टिहरी झील में 3 से 5 फरवरी तक चले नौकायन प्रतियोगिता में उत्तराखंड की टीम में खेल रहे भारतीय सेना के खिलाड़ी व बाबरी क्षेत्र के गांव कांजरहेड़ी निवासी युवक आशीष गुलिया द्वारा अपनी टीम के साथ प्रतिभाग किया जो फाइनल मैच में खेले तथा प्रतिद्वंन्दी टीम द्वारा पराजित होकर द्वितीय स्थान पर रहे तथा सिल्वर मेडल प्राप्त किया। टीम में सूबेदार नीरज, आशीष गुलिया, रवि व सौरभ द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# विभिन्न गतिविधियों के बारे में बच्चों को अवगत कराया

## नेतृत्व क्षमता के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

शामली। स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत पावर एंजेल एवं नेतृत्व क्षमता के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सभी उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालय से एक सुगमकृता ने इस कार्यशाला में प्रतिभाग किया।

जिला बेसिक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व एवं खंड शिक्षा अधिकारी कैराना के मार्गदर्शन में ब्लॉक संसाधन केंद्र कैराना पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त संदर्भदाता रेशमा एवं रजनीश शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना, जेंडर स्टीरियोटाइप को तोड़ना, प्रगति के पंख, सेल्फ डिफेंस, आधा फुल कॉमिक सीरीज एवं अरमान मॉड्यूल आदि को गतिविधियों द्वारा विस्तार से समझाया एवं चर्चा की। खंड शिक्षा अधिकारी डा. सुशील कुमार शर्मा ने बालिका शिक्षा को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी सुगमकताओं को बालिकाओं का सर्वांगीण विकास करने के लिए प्रेरित किया गया।

बालिका शिक्षा के जिला समन्वयक परवेज अंसारी ने प्रतिआगियों को किशोर किशोरियों में आत्मविश्वास, क्षमता संवर्धन तथा निडर बनाने के साथ-साथ शिक्षा पर ध्यान देने के लिए कहा। इस प्रशिक्षण में समाज में फैली कुप्रथाओं को दूर करने हेतु विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण की समाप्ति के बाद सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## थाने आने वाले फरियादियों की समस्या का हो समाधानः एसपी

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बाबरी। अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना बाबरी का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने फरियादियों की समस्याओं का जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं थाना परिसर में रुद्राक्ष का पौधा भी रोपा गया।

अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बाबरी थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनतुक रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, माल खाना, भोजनालय आदि का निरीक्षण किया गया जिसमे सब कुछ ठीक पाया गया। एडिशनल एसपी ने निर्देश देते हुए कहा गया कि थाना परिसर में आने वाले फरियादियों कि समस्या का जल्द से जल्द समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी श्याम सिंह और थाना प्रभारी राहुल कादयान द्वारा थाना बाबरी परिसर में रुद्राक्ष का पौधारोपण रोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरुक किया गया।

## चौधरी अजित सिंह की जयंती पर किया जाएगा प्रतिमा का अनावरण

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

शामली। बुधवार को शहर के भैंसवाल रोड स्थित राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों की मासिक बैठक आयोजित की गई। मासिक बैठक के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, बागपत सांसद राजकुमार सांगवान, एससी एसटी आयोग के सदस्य नरेंद्र खजूरी रहे।

## सफाई कर्मचारी संघ ने नवागत ईओ का किया स्वागत

शामली। उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ शाखा यूनिट नगर पालिका परिषद शामली द्वारा नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार सोलंकी का स्वागत किया।

नगर पालिका परिषद शामली सभागार में चेयरमैन अरविंद संगल एवं यूनियन के अध्यक्ष प्रवीण कुमार वाल्मीकि एवं महासचिव अश्वनी तेश्वर समेत सभी पदाधिकारियों ने मिलकर अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार सोलंकी को गुलदस्ता भेंट कर एवं बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का चित्र भेंट कर स्वागत। वहीं कर विभाग के कर्मचारी ओंकार सिंह का विदाई समारोह भी किया गया। कार्यक्रम के संचालक प्रसिद्ध कवि प्रदीप टांक मायूस ने किया एवं कार्यक्रम के संयोजक में लक्ष्मण सिंह लिपिक दीपक चंद्रा व विनोद कुमार कंडेरा रहे। इस दौरान स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 व 2025 पर सभी कर्मचारियों को पुरस्कार देने की घोषणा भी की गई। साथ ही यूनियन में मांग रखी कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का दुर्घटना बीमा, सरकार द्वारा योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की गई। इस मौके पर देवेंद्र कुमार बिडला प्रदीप बिडला, मदन बाबू दफ्तरी, श्रीकांत राणा, हर्षित गर्ग, सचिन तेश्वर, नीरज चंदेल, वसीम मलिक, साजिद अहमद, जोगेश पाहिवाल, जाकिर हुसैन, मोहम्मद हाशिम, वैभव गर्ग, दीपक कुमार, आदेश सिलेलान, अरविंद कुमार, प्रमोद कुमार कंडेरा, मनीष गहलोत, अनुज चावला, अश्वनी पार्चा, जितेंद्र चंद्रा, धर्मेंद्र कुमार झंझोट, जितेंद्र टांक, आजम खान, अरविंद कुमार, कंवर पाल, सुनील बंसल, वसीम, शमीम, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

## भाजपा की डबल इंजन सरकार में कम हुई किसान की आमदनीः प्रो. सुधीर

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

शामली। बुधवार को समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए पंचायत का आयोजन गांव गागौर सिथत अनिल कोरी के आवास में किया गया।

पंचायत को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यमंत्री प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कहा कि भाजपा सरकार पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों के विरोध में काम कर रही है। भाजपा की डबल इंजन सरकार में किसान-मजदूर जो अधिकांश पीडीए समाज के हैं की आमदनी कम हुई है तथा आरक्षण लागू न करने से उनके बच्चों को सरकारी नौकरी नहीं मिल पा रही है। पहले कुंदरकी अब मिल्कीपुर में सरकारी कर्मचारी भाजपा के ऐजेंट के तरीके से काम कर रहे हैं जिससे बाबा साहब के संविधान का गला घोंटा जा रहा है। लोकतंत्र बचाने के लिए पीडीए को लड़ाई लड़नी होगी। जावेद जंग ने मुस्लिमों के साथ सरकारी सेवाओं में भेदभाव का मुद्दा उठाया। इस अवसर पर योगेन्द्र सिंह, तासीन मंसूरी,सलेकचंद, विनीत मुखिया, मुलायम सिंह, चौधरी योगराज, संजीव राझड, कंवरपाल कोरी, खुशनूद, काला, मनीष तोमर, संजीव खैवाल आदि मौजूद रहे।

# घर में घुसकर मारपीट के मामले में कार्रवाई की मांग

## पीडित परिवार ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

शामली। कैराना क्षेत्र के मौहल्ला आलकलां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर पडौसियों पर घर में घुसकर हमला किए जाने का आरोप लगाते हुए मामले में जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

कैराना के मौहल्ला आलकंला निवासी इरशाद पुत्र जाहिद ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती पत्र देकर बताया कि करीब 8 माह पूर्व उसकी विपक्षी ताबू कुरैशी के साथ



कहासुनी हो गयी थी, जिसमें मौहल्ले पडौस के मौजिज व्यक्तियों ने फैसला करा दिया था। आरोप है कि गत 4 फरवरी को ताबू कुरैशी, फारूक, क्वाटर, दानिश, फैसल, एवं 7-8 अज्ञात व्यक्ति निवासीगण मौहल्ला छडियान एक राय होकर घर में घुस आये और औरतों के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। उन्होने भतीजे उमेर को जान से मारने की नियत से उसके ऊपर धारधार हथियार से जान लेवा हमला कर घायल दिया। उन्होने मामले की शिकायत कैराना पुलिस से की, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने मामले में कोई कार्यवाही नहीं की। पीडित ने मामले में जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

# डीसी ने दी तनावमुक्त होकर परीक्षा की तैयारी करने की हिदायत

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), बीते बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के द्वारा सीएम एसओई गर्ल्स विद्यालय के मैट्रिक के छात्राओं से सीधा संवाद किया। उपायुक्त मनीष कुमार ने 10 वीं की छात्राओं से संवाद के दौरान आगामी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। उपायुक्त ने कहा कि तनाव मुक्त होकर परीक्षा की तैयारी करे। तनाव लेने से आपकी क्षमता और प्रदर्शन दोनों प्रभावित होते हैं।उपायुक्त ने कहा



कि बोर्ड परीक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, लेकिन इसे लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। मेहनत और अनुशासन से आप किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं। साथ ही उपायुक्त ने आगामी परीक्षा को लेकर छात्राओं को शुभकामनाएं भी दी। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि 15 फरवरी को मेट्रिक परीक्षा आयोजित की जायेगी। सभी छात्राओं को बेहतर तरीके से परीक्षा देने हेतु प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परीक्षा में पहले उन सवालों को हल करे जो आसान हैं, मुश्किल बाद में ले, ताकि विद्यार्थियों के दिमाग पर जोर ना पड़े। साथ ही कहा कि सभी विषयों का रिवीजन एक बार जरूर कर ले। इस दौरान उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने छात्राओं के सवालों का उत्तर भी दिया और उनके अध्ययन से सम्बन्धित चिंताओं को दूर किया।

# विधायक की मौजूदगी में अजीजुल ईस्लाम व हाजी समाद अली ने नवीनीकरण कराया अपना सदस्यता

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), 05 फरवरी को पंचायत स्तरीय संगठन का विस्तार और प्रखण्ड स्तर पर सदस्यता अभियान की शुरूआत हुई। जिसमें लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक हेमलाल मुर्मू के उपस्थिति में संयोजक प्रमुख अजीजुल इस्लाम, संयोजक मण्डली सदस्य समद अली के नेतृत्व में झामुमो प्रखण्ड हिरणपुर व प्रखण्ड लिट्टीपाड़ा संयोजक मण्डली के सदस्यों के साथ - साथ दोनों प्रखण्ड के वरिष्ठ कार्यकताओं ने भाग लिया। बैठक में विधायक हेमलाल मुर्मू, संयोजक मंडली के प्रमुख अजीजुल इस्लाम व समद अली ने



सदस्यता रशीद काटकर अपना सदस्यता नवीनीकरण कराया। साथ ही दोनों प्रखण्डों के संयोजक मण्डली के सदस्यों ने भी अपने सदस्यता रशीद काट कर नवीनीकरण कराया। साथ ही कई अहम एजेंडा पर चर्चा विशेष रूप से चर्चा किया गया। बैठक में 15 फरवरी तक सभी पंचायत में झामुमो पंचायत कमिटी का विस्तार हेतु पर्यवेक्षक सभी पंचायत के लिए किया गया और संगठन की विस्तार हेतु तिथि निर्धारित किया गया। सभी संयोजक मण्डली के सदस्यों और झामुमो के वरिष्ठ कार्यकर्ता को सदस्यता रशीद के वॉल्यूम समर्पित किया गया, ताकि सदस्यों को जोड़ने का कार्य जल्दी से हो सके।

# यौन उत्पीड़न की रोकथाम के ध्यानार्थ की गई कार्यशाला





**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), प्रोजेक्ट प्रारम्भ अन्तर्गत यौन उत्पीड़न की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन एवं श्रमजीवी महिला समिति जमशेदपुर के सहयोग से सूचना भवन सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का शुभारम्भ उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार एवं सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू, राष्ट्रीय महिला गठबंधन की विशाखा भांजा, श्रमजीवी महिला समिति की मुख्य कार्यकारिणी पुरबी पाल, परियोजना समन्वयक करिश्मा कालुंडिया एवं जुबीन एक्का ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि महिलाओं पर हो रहे हिंसा के खिलाफ हमें जागरूकता लाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सबके सामूहिक प्रयास से ही जागरूकता लाई जा सकती है। यौन उत्पीड़न से रोकने के लिए सभी को जागरुक करने की आवश्यकता है। यह कानून इस तरीके से बना है कि यहां पर सभी अपनी बातें रख सकते हैं। कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को यौन उत्पीड़न और सुरक्षा कानूनों की जानकारी देना एवं जागरूक करना है। वही पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने महिलाओं को जागरूक करते हुए विभिन्न पहलुओं पर उदाहरण सहित कहा कि यौन उत्पीड़न महिलाओं व पुरुष दोनों के खिलाफ हो सकता है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं को कम करके आंका जाता है। वे ज्यादा कमजोर एवं असुरक्षित स्थिति में होती हैं। अलग- अलग परिभाषाओं और समझदारी के कारण पीड़ित महिला द्वारा अपनी शिकायत दर्ज करने में हिचकिचाहट के कारण उत्पीड़न को प्रमाणित करना काफी मुश्किल हो जाता है। कार्यशाला में राष्ट्रीय महिला गठबंधन विशाखा भांजा ने कहा कि सभी कार्यस्थल (संगठित एवं असंगठित) में जैसे सरकारी कार्यालय, कम्पापनियां, व्यवसाय, नागरिक समाज संगठन और अन्य सभी क्षेत्र - महिलाओं को भेदभाव का सामना करना पड़ता है। भले ही वे पुरुषों के साथ काम कर रही हो, जो कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न को बढ़ावा देते हैं। सुरक्षित कार्यस्थल पाना सभी का संवैधानिक अधिकार है। इसलिए भारत सरकार ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से महिलाओं का संरक्षण (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 पारित किया, जिसे पीओएसएच अधिनियम के रूप में जाना जाता है। प्रत्येक संगठन/कम्पानी को इस अधिनियम का पालन करना आवश्यक है। इस अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं (संगठित एवं असंगठित क्षेत्र) के लिए सुरक्षित एवं अनुकूल कार्य वातावरण बनाना तथा उन्हें यौन उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करना है। यह कानून सभी सरकारी/गैर-सरकारी/ कंपनी एवं व्यावसायिक कार्यस्थलों पर यौन उत्पीड़न को रोकने तथा उस उत्पीड़न के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने के लिए उचित मार्गदर्शन एवं जानकारी प्रदान करता है। श्रमजीवी महिला समिति की मुख्य कार्यकारिणी पुरबी पाल ने कहा कि कार्यस्थल पर सुरक्षा, विश्वास एवं ईमानदारी के मूल्यों को बनाए रखने तथा यौन उत्पीड़न को कम करने के लिए कार्य कर रहे हैं। सभी कार्यस्थल में क्छ कमिटी तथा जिला स्तर में एलसी समिती गठन करना एवं इसे कार्यशील बनाना आवश्यक है।कार्यस्थल के वातावरण को अपने तथा अपने आस-पास के लोगों के लिए सुरक्षित करने के लिए कानून को जानना एवं क्रियान्वित करना जरुरी है, ताकि इस जिले के कार्यस्थल को सुरक्षित बना सके। इस कार्यक्रम को प्रभावशील बनाने के लिए सभी साथियों को बहुत- बहुत धन्यवाद। मौके पर सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू, कार्यपालक दंडाधिकारी क्रांति रश्मि, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती, अधीक्षक, मंडल कारा, प्राचार्य, केकेएम कॉलेज पाकुड़, प्रभारी निरीक्षक, रेलवे सुरक्षा बल, प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय, महेशपुर एवं हिरणपुर, सीडब्लू सी, पाकुड़ समेत अन्य पदाधिकारी एवं पीएमयू सेल के कर्मी उपस्थित थे।

# तनवीर आलम ने आम-जनों की समस्याओं से हुए रूबरू, दिलाया भरोसा



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), बीते बुधवार को कांग्रेस के झारखण्ड प्रदेश महासचिव तनवीर आलम ने पाकुड़ का दौरा किया। इस दौरान पाकुड़ स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में दूर- दराज से आये आम-जानों समेत कार्यकताओं के समस्याओं को बारी-बारी से सुना। तत्पश्चात कांग्रेस कार्यकताओं समेत उपस्थित सभी लोगों से कहा कि आपकी हर एक समस्या की समाधान यथाशीघ्र कराई जायेगी। झारखण्ड विधानसभा आम निर्वाचन-2024 में विधायक निशात आलम को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने हेतु सभी का आभार जताया। साथ ही कहा जब भी जरुरत पड़े, हमें बेहिचक साझा करे, ताकि आपके जरुरतों का समाधान करते हुए आपकी सेवा में अपना योगदान साझा कर सके। वही तनवीर आलम ने उपस्थित सभी कार्यकताओं से कहा कि आम जनों की समस्याओं की निष्पादन हेतु आप अपना योगदान साझा करे। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष मानसारुल हक, प्रदेश सचिव समीनुल इस्लाम, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शाहीन परवेज, देबू विश्वास, सोशल मीडिया प्रभारी पियारुल इस्लाम, रामविलास महतो, नसीम आलम, अंसारुल हक सहित कांग्रेस के वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

# देवीलाल मुर्मू ने दिव्यांग, गरीब, वृद्ध असहायों को बांटे कंबल



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़िया प्रखण्ड अन्तर्गत महुलपहाड़ी गांव में झारखण्ड कांग्रेस प्रदेश सचिव देवीलाल मुर्मू ने बुधवार को दिव्यांग, गरीब, वृद्ध महिला पुरुषों के बीच ठंढ से बचाव हेतु दर्जनों लोगों को निःशुल्क कंबल का वितरण किया। कांग्रेस प्रदेश सचिव देवीलाल मुर्मू ने कहा कि ठंड इन दिनों बहुत अधिक है। बढ़ते ठंड और शीतलहरी को देखते हुए प्राथमिकता के अनुसार जरूरतमंदों को तत्काल कंबल उपलब्ध कराया गया। कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा सेवा के उद्देश्य के तहत ऐसी छोटी-छोटी कोशिश करेंगे तो शायद इस ठंड में जरूरतमंदों को इसका लाभ मिलेगा। वही महिलाओं एवं बुजुर्गों ने खुशी जाहिर करते हुए सभी ने प्रदेश सचिव को आशीर्वाद भी दिया। कम्बल पाकर सभी बुजुर्ग, असहाय लोगों के चेहरे में खुशी देखी गई। वही मौके पर प्रखण्ड सचिव कमाल अंसारी, उपाध्यक्ष नकुल राय, जगन्नाथ बेसरा, बैरनास मरांडी, साहेब मुर्मू, जोजन मुर्मू, शान्ति हेंब्रम, मैरी टुडू, मालोती किस्कू सहित अन्य ग्रामीण एवं लाभार्थी उपस्थित थे।

# साइबर सुरक्षा के ध्यानार्थ स्टूडेंट्स को किया गया जागरूक

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़, स्थानीय विद्यालय डीएवी पब्लिक स्कूल के सभा भवन में बुधवार को साइबर सुरक्षा को लेकर कक्षा अष्टम से बारहवीं तक के बच्चों के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में साइबर थाना से आये साइबर एक्सपर्ट अवर निरीक्षक कन्हैया लाल यादव एवं विद्यालय प्राचार्य डॉ विश्वदीप चक्रवर्ती ने संयुक्त रूप से छात्रों को साइबर सुरक्षा के बढ़ते महत्व और इससे जुड़ी चुनौतियों पर जागरूक किया गया। पीपीटी के माध्यम से समझते हुए कन्हैया ने छात्रों को बताया कि इंटरनेट के माध्यम से होने वाले अपराध से बचने के लिए संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करना, अनजान लोगों से ऑनलाइन दोस्ती नहीं करना, अज्ञात कॉल नहीं उठाना आदि पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे बताया कि कोई भी सरकारी संस्थान कभी ओटीपी नहीं मांगता है। उन्होंने छात्रों को सावधान किया कि अधिक पैसों के लालच में किसी भी लिंक या मैसेज पर भरोसा न करे। बच्चों को सतर्कता की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए प्राचार्य डॉ चक्रवर्ती ने बताया कि अगर सोशल मीडिया पर किसी तरह की घटना हो जाती है तो सबसे पहले इसकी शिकायत नजदीकी थाने में दर्ज कराये। कार्यक्रम में अवर निरीक्षक कन्हैया लाल ने सोशल मीडिया से सम्बन्धित शिकायतों को हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज करने की सलाह दी।

# मनरेगा योजना के क्रियान्वयन की बेहतरीन परफॉर्मेंस पर जेई व पंचायत सचिव समेत रोजगार सेवक हुए सम्मानित



पाकुड़ प्रखण्ड सभागार में बीते मंगलवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मू की अध्यक्षता में मनरेगा मनरेगा योजना के तहत बेहतर कार्य शैली के लिए कई कर्मियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित पाने वाले के श्रेणी में जूनियर इंजीनियर जूलियस मुर्मू, रोजगार सेवक साबिर अंसारी व पंचायत सचिव वतन कुमार शामिल है। आपको बता दे कि मनरेगा योजना के क्रियान्वयन से सम्बन्धित सप्ताहिक कार्यों की समीक्षा उपरांत उल्लेखनीय तीनों कर्मचारियों की परफॉर्मेंस बेहतर पाया गया। जिसे लेकर ही उल्लेखनीय कर्मियों को सम्मानित किया गया। मौके पर प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष मानसारुल हक, जेई पंचायत, सचिव व रोजगार सेवक अन्य उपस्थित थे।

# अनुबंध पर होगी डॉक्टर की बहाली, नोटिफिकेशन किया जारी

**एनपीटी ब्यूरो**

रांची, राज्य सरकार ने डाक्टरों की नियुक्ति को लेकर नोटिफिकेशन जारी किया है। डाक्टरों को 63 हजार रुपये वेतन और 9 हजार रुपये भत्ता मिलेगा। राज्य सरकार सुदूर क्षेत्रों में चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए टेंडर/ अनुबंध से चिकित्सक बहाल करने का निर्णय लिया है। इस कड़ी में 17 प्रखण्डों में चिकित्सा पदाधिकारी की नियुक्ति के लिए चिकित्सकों से टेंडर/ अनुबंध के तौर पर आमंत्रित किया गया है। जिन जगहों पर डाक्टरों की भर्ती होगी, उसमें गढ़वा के रंका, नगरऊंटारी, भवनाथपुर, भंडरा, गिरिडीह के राधनवार, गोड्डा के मेहगामा, गुमला के चैनपुर तथा रायडीह, जामताड़ा में नाला, लातेहार में महुआटांड़, पलामू में पांकी, पश्चिमी सिंहभूम में बंदगांव, गोयलकेरा तथा जगन्नाथपुर प्रखण्ड सम्मिलित है। भवनाथपुर के तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा अन्य सभी प्रखण्डों में एक- एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सा पदाधिकारियों की नियुक्ति होगी। प्रत्येक केन्द्र में एक चिकित्सा पदाधिकारी बहाल होंगे। बहाल चिकित्सा पदाधिकारियों को 63 हजार मासिक वेतन के अलावे नौ हजार रुपये वार्षिक परफारमेंस भत्ता देय होगा। साथ ही हार्ड टू रीच एरिया भत्ता के रूप में 30 हजार रुपये वार्षिक मिलेगा। वही अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान देवघर ने भी सीनियर रेजिडेंट के 104 पदों पर भर्ती निकाली है। डीएनडी, एमएस/ एमडी वाले उम्मीदवार 17 फरवरी तक या उससे पहले ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए आवेदन की राशि 3000 रुपये रखी गई है।

# बगैर हेलमेट के बाइक चला रहे युवक की सड़क हादसा

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), महेशपुर थाना क्षेत्र में लगातार एक्सीडेंट हो रहा है। मंगलवार को भी इसी क्षेत्र में तीन युवकों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई थी। बुधवार को भी एक ऐसी घटना प्रकाश में आया। महेशपुर गुम्मा मोड मुख्य सड़क पर स्थित डिग्री कॉलेज के समीप दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक जिसकी उम्र करीब 18 वर्ष बताई जा रही है की एक्सीडेंट में उनकी की मौत हो गई। जिसकी पहचान शहरी गांव निवासी मनोज राय के रूप में हुई है। वही जानकारी के अनुसार घटना उस समय हुई जब मनोज रोला ग्राम से अपना घर लौट रहा था, कॉलेज के पास टर्निंग पर स्थित पुलिया से उसकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक पूरी तरह से घायल हो गया और मौके पर ही दम तौर दी। वही जानकारी मिली कि



युवक हेलमेट के बिना ही बाइक चला रहा था। इस घटना की सूचना स्थानीय महेशपुर थाना को दी गई, तत्पश्चात थाना के एसआई अरविंद कुमार राय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु पाकुड़ सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही बाइक को भी पुलिस द्वारा जप्त कर लिया गया। एक्सीडेंट की रोकथाम के लिए हेलमेट लगाने पर पुलिस को सख्त कदम उठाने की जरूरत है। अक्सर हेलमेट सिर्फ पुलिस के भय से लोग इस्तेमाल करते हैं, वही अगर इस हेलमेट का उपयोग एक्सीडेंट के भय से किया जाए तो शायद एक्सीडेंट होने के पश्चात भी मौत से बचा जा सकता है। क्योंकि अक्सर जो मौत एक्सीडेंट में होती है चोट ज्यादातर घटनाओं में सर पर लगती है, जिसके कारण मौके पर ही मौत हो जाती है। वही अगर हेलमेट का उपयोग करने के लिए सभी को बाध्य कर दिया जाए तो शायद एक्सीडेंट होने के बावजूद भी मौत से बचा जा सकता है। जिसके लिए पाकुड़ पुलिस को पूरी तरह से सख्त होने की जरूरत है। पाकुड़ पुलिस प्रशासन के द्वारा हेलमेट प्रयोग कर बाइक ड्राइव करना अनिवार्य कर देना चाहिए, ताकि सड़क हदसे में जान व माल की नुकसान होने से बचाया जा सके। बहुत सारे सड़क हदसे में परिवार के लिए मुख्य रूप से रोजगार करने वाले व्यक्ति की भी मौके पर ही मौत हो जाती या फिर गंभीर चोटें आने की वजह से उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया जाता। इलाज के उपरांत पूरी तरह स्वास्थ्य हो रही है या नहीं, इसकी भी संशय बनी हुई रहती है। साथ ही रोजगार की मुख्य व्यक्ति की सड़क हदसे में अस्वस्थ रहने या शारीरिक रूप से तन्दरूस्त न होने की स्थिति में रोजगार नहीं कर पाने की वजह से परिवार की भरण- पोषण की देयनीय स्थिति अपने आप आ जाती है और अन्ततः नुकसान की आशांका ज्यादा देखने को मिलता है।




# मुस्लिम बहुल सीटों का मिजाजः आप-कांग्रेस की लड़ाई में AIMIM न मार जाए बाजी, बंटने पर बीजेपी को सीधा फायदा

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

नई दिल्ली। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने इस बार ओखला और मुस्तफाबाद विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए। इनमें दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन और ओखला से शिफा-उर-रहमान शामिल हैं।

इस बार के विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी की राहें आसान नहीं दिख रही हैं। राजधानी दिल्ली में वर्ष 2015 और 2020 में हुए विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस का खाता भी नहीं खुल पाया था। आम आदमी पार्टी ने दोनों ही चुनावों में कांग्रेस और भाजपा को करारी शिकस्त दी थी। 2015 में हुए चुनावों के दौरान आप को 67 और 2020 में 62 सीटों पर विजय मिली थी, लेकिन अब माना जा रहा है कि कांग्रेस ने एक बार फिर कम-बैक करते हुए वोटरों का विश्वास जीता है।

**मुस्लिम बहुल इलाकों में बंटे वोटर**



खासकर दिल्ली की सभी मुस्लिम बहुल सीटों की बात करें तो यहां वोटर्स का मिला-जुला असर देखने को मिला है। ज्यादातर मुस्लिम बहुल सीटों पर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच वोट बंटते हुए दिखे। अब देखने वाली बात यह होगी कि कांग्रेस को इसका फायदा मिलेगा या नहीं।

**सीधा फायदा भाजपा को**

दूसरी ओर ओखला और मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्रों की बात करें तो यहां कांग्रेस, आम आदमी के अलावा एआईएमआईएम को भी खासे वोट मिलते दिख रहे हैं। राजनीतिक पंडितों का कहना है कि जहां-जहां कांग्रेस और आप के वोट आपस में बंट रहे हैं, वहां इसका सीधा फायदा भाजपा को होता दिख रहा है। हालांकि आठ फरवरी को रिजल्ट आने पर दावों और हकीकत का पता चल पाएगा।

**ओवैसी ने दो सीटों पर लगाया पूरा जोर**

असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने इस बार ओखला और मुस्तफाबाद विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए। इनमें दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन और ओखला से शिफा-उर-रहमान शामिल हैं। असदुद्दीन ओवैसी ने इन दोनों ही सीटों पर अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए पूरा जोर लगाया।

**एआईएमआईएम के खाते में अच्छे खासे वोट**

ओखला से कांग्रेस ने अरीबा खान, आप ने अमानतुल्लाह खान और भाजपा ने मनीष चौधरी को प्रत्याशी बनाया। मुस्तफाबाद की बात करें तो कांग्रेस ने अली मेहंदी, आप ने आदिल अहमद खान और भाजपा ने मोहन सिंह बिष्ट को अपना प्रत्याशी बनाया। इन उम्मीदवारों के बीच एआईएमआईएम अच्छे खासे वोट लेते हुए दिख रही है।

**कांग्रेस के वोट बढ़ने की संभावना**

बाकी मुस्लिम विधानसभा क्षेत्रों की बात करें तो सीलमपुर, सीमापुरी, बाबरपुर, चांदनी चौक, मटिया महल, जंगपुरा, सदर बाजार समेत बाकी विधानसभाओं क्षेत्रों में आप व कांग्रेस के बीच वोट बंटते हुए दिख रहे हैं। जानकारों का कहना है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की चुनावी सभाओं की वजह से कांग्रेस के वोट बढ़ने की संभावना है।

# भाजपा-आप की प्रतिक्रिया, प्रवेश वर्मा से लेकर सौरभ भारद्वाज ने क्या कहा?

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे 8 फरवरी को आएं। मतदान प्रक्रिया खत्म होने के साथ ही अलग-अलग एजेंसियों ने अपने-अपने एग्जिट पोल जारी कर दिए हैं। इन सभी एग्जिट पोल को आप एक जगह अमर उजाल पर देख सकते हैं। हम आपको हर एग्जिट पोल एक जगह दिखा रहे हैं।

कस्तूरबा नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक दत्त ने एग्जिट पोल पर कहा कि मैं एग्जिट पोल में ज्यादा विश्वास नहीं रखता हूं। मैं दावे के साथ कहता हूं कि कस्तूरबा नगर विधानसभा की सीट हम जीतेंगे। हमारी पूरी टीम ने बहुत मेहनत की है। जब एक महिला सादिक नगर में पैसे बांट रही थी तो उसकी फोटो खींचकर हमने पुलिस को दी थी।

**दिल्ली में खिलेगा कमल**

एग्जिट पोल पर मालवीय नगर से भाजपा उम्मीदवार सतीश उपाध्याय ने कहा कि दिल्ली में कमल खिल रहा है। भाजपा दिल्ली में सरकार बना रही है। आरोपों की राजनीति करना, झूठ बोलना, यह उनकी (आप की) राजनीति का अहम हिस्सा है।

एग्जिट पोल पर कालकाजी विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने कहा कि यह मोदी लहर है। दिल्ली के लोग विकास चाहते हैं। मैं इन एग्जिट पोल पर विश्वास नहीं करता, हमारी सीटों की संख्या और बढ़ेगी। भाजपा 50 सीटों का आंकड़ा पार करेगी।

एग्जिट पोल पर आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि एग्जिट पोल हमेशा आप के लिए गलत साबित हुए हैं। आप ने हमेशा प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाई है और इस बार भी कुछ अलग नहीं होगा। कुछ एग्जिट पोल हमें जीतते हुए दिखा रहे हैं लेकिन मैं सभी से कहना चाहूंगी कि 8 फरवरी का इंतजार करें, अरविंद केजरीवाल भारी बहुमत के साथ सरकार बनाएंगे।

एग्जिट पोल पर भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने कहा कि हम पहले दिन से कह रहे थे कि इस बार दिल्ली में भाजपा की सरकार बनेगी। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी काम आई, कार्यकताओं की मेहनत काम आई। लोगों ने अरविंद केजरीवाल के 11 साल के कुशासन को ध्वस्त कर दिया है और मैं दिल्ली के लोगों को बधाई देना चाहता हूं।

दिल्ली सरकार में मंत्री और ग्रेटर कैलाश विधानसभा क्षेत्र से आप उम्मीदवार सौरभ भारद्वाज ने एग्जिट पोल पर कहा कि हमने यह दिल्ली का चौथा चुनाव लड़ा है। 2013 और 2015 के एग्जिट पोल ने हमें हराया था। 2020 में भी हमारी सीट कम दिखाई गई थी और 2025 के एग्जिट पोल में भी हमारी सीट कम दिखाई जा रही हैं। एक बड़े बहुमत से आप की सरकार बनने वाली है और ये सभी एग्जिट पोल गलत साबित होंगे।

हम दिल्ली में सुशासन लाएंगे

नई दिल्ली विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने एग्जिट पोल पर कहा कि मैं सबसे पहले तो दिल्ली की जनता का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने इतने भारी उत्साह के साथ मतदान किया है। यह निश्चित है कि 8 फरवरी को दिल्ली में कमल खिलेगा। यहां भाजपा की सरकार बन रही है। हम दिल्ली में सुशासन लाएंगे।

एग्जिट पोल पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि मैंने अभी जो एग्जिट पोल देखे हैं, मुझे लगता है कि हमारे एक्जेक्ट पोल (परिणाम) एग्जिट पोल से बेहतर होने जा रहे हैं। लोगों के बीच जो प्रतिक्रिया हमने देखी, भाजपा सत्ता में आ रही है (दिल्ली में)। यह भाजपा की 27 साल बाद वापसी है। मैं दिल्ली के लोगों को धन्यवाद देता हूं।

एसएएस के एग्जिट पोल के अनुसार, आम आदमी पार्टी (आप) को 27-30 मिल सकती हैं। जबकि भाजपा+ को 38-41 मिलने का अनुमान है। वहीं कांग्रेस के खाते में एक 0-3 व अन्य के खाते में 0-1 सीट जा सकती है।

एग्जिट पोल पर केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि भाजपा पिछले 5 साल से लगातार आप का भ्रष्टाचार जनता के बीच में लेकर जा रही थी। जनता को यह समझ आया कि आप ने दिल्ली की जनता को ठगा है। अब ऐसा लगता है कि भाजपा की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनने जा रही है।

# पैसे बांटने से लेकर फर्जी वोटिंग के आरोप तक, मतदान के बीच दिल्ली में जमकर हंगामा

नई दिल्ली । आप उम्मीदवार मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर पैसे बांटने का आरोप लगाया है। सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा और आप कार्यकताओं के बीच हंगामा हुआ। भाजपा ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी वाले बाहर से महिलाएं लाए, जिन्होंने फर्जी वोट डाले हैं।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 70 सीटों पर मतदान जारी है। इस बीच भाजपा का आरोप है कि आम आदमी पार्टी (आप) फर्जी वोट डलवा रही है। दूसरी तरफ आप का आरोप है कि भाजपा नेता मतदाताओं को पैसे बांट रहे हैं।

भाजपा ने लगाया फर्जी वोट डलवाने का आरोप- सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा और आप कार्यकताओं के बीच हंगामा हुआ। भाजपा ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी वाले बाहर से महिलाएं लाए, जिन्होंने फर्जी वोट डाले हैं। भाजपा का कहना है कि बुर्के में महिलाओं ने फर्जी वोट डाला।

आम आदमी पार्टी ने लगाया ये आरोप- मतदान के दौरान ग्रेटर कैलाश विधानसभा सीट से आप उम्मीदवार सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस चिराग दिल्ली के एक मतदान केंद्र पर लोगों को वोट डालने से रोकने की कोशिश कर रही है। जंगपुरा सीट से आप उम्मीदवार मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर पैसे बांटने का आरोप लगाया है। उनका कहना था कि जंगपुरा सीट पर बीजेपी के बूथ के साथ




वाली बिल्डिंग में मतदाताओं को पैसे दिए जा रहे हैं।

**बैरिकेड्स क्यों लगाए गए हैं?**

सौरभ भारद्वाज ने कहा, 'आप चुनाव को प्रभावित करने के लिए सुबह से यहां खड़े हैं। यहां बैरिकेड्स क्यों लगाए गए हैं? दिल्ली पुलिस के किस वरिष्ठ अधिकारी ने उन्हें बैरिकेड्स लगाने के लिए कहा है? यह सब गरीब ग्रामीणों को परेशान करने के लिए किया जा रहा है। जहां भी आम आदमी पार्टी का गढ़ है, वहां पर मालवीय नगर एसीपी और एसएचओ यह सब खुलेआम कर रहे हैं। एसएचओ ने कल रात हमारे निजी परिसरों पर भी छापा मारा। यहां 21,000 लोगों ने वोट डाले। पुलिस चिराग दिल्ली के सभी 17-18 मतदान केंद्रों पर ऐसा कर रही है। लोग वोट डालने के लिए न तो मेट्रो से आ सकते हैं और न ही सड़कों पर.. क्या वीरेंद्र सचदेवा या राष्ट्रपति मुर्मू मतदान केंद्र से 200 मीटर दूर कार से उतरे थे।'

# अमानुल्लाह खान समेत आप के दो उम्मीदवारों के खिलाफ केस दर्ज, संगम विहार में देर रात हुई मारपीट

नई दिल्ली । नोडल अफसर देवेश श्रीवास्तव ने बताया कि सभी पार्टियों की तरफ से ज्यादातर कॉल आचार संहिता के उल्लंघन की मिली थीं। उन्होंने बताया कि कॉल आने के बाद अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचकर समाधान निकाल रहे थे। जरूरत पड़ने पर कानूनी कार्रवाई की गई थी।

दिल्ली पुलिस को चुनाव से संबंधित सिर्फ 170 कॉल मिलीं। इसमें कोई भी गंभीर, मारपीट व गोली चलने की कॉल नहीं मिली थी। भारी संख्या में फोर्स सड़कों पर रहने से दिल्ली पुलिस को पीसीआर कॉल भी कम मिलीं। दिल्ली पुलिस के विधानसभा चुनाव के नोडल अफसर विशेष पुलिस आयुक्त देवेश श्रीवास्तव ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने चुनावों के लिए व्यापक तैयारियां की थीं। इसका परिणाम यह रहा कि विधानसभा के लिए चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही। दिल्ली पुलिस को चुनाव में किसी तरह की गड़बड़ व झगड़े की सूचना नहीं मिली है। संगम विहार में देर रात मारपीट हुई, जिसमें आप उम्मीदवार दिनेश मोहनिया के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। साथ ही आप के उम्मीदवार अमानुल्लाह खान के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के तहत मामला दर्ज किया गया है।

दिल्ली पुलिस कंट्रोल में चुनाव से संबंधित 170 कॉल मिली थीं। इसमें दो कॉल व्हील चेयर नहीं होने की थी। इसके अलावा मेरा वोट को कोई डाल गया, भाजपा नेता झगड़ा कर रहे हैं, पोलिंग स्टेशन से बाहर पार्टी टेबल पर प्रत्याशियों की फोटो लगाने और झगड़ा हो रहा है कि इस तरह की सूचनाएं मिलीं। जंगपुरा में सभी पार्टियों की टेबल पर भगवा झंडा लगा होने की सूचना मिली। पुलिस गोलीबारी, गंभीर झगड़ा व तोडफोड़ की सूचना नहीं मिली थीं। नोडल अफसर देवेश श्रीवास्तव ने बताया कि सभी पार्टियों की तरफ से ज्यादातर कॉल आचार संहिता के उल्लंघन की मिली थीं। उन्होंने बताया कि कॉल आने के बाद अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचकर समाधान निकाल रहे थे। जरूरत पड़ने पर कानूनी कार्रवाई की गई थी। दिल्ली पुलिस ने शुरू से ही विक्लांग, बुजुर्ग लोगों की भरपूर सहायता की थी। खुद दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा मतदान केंद्रों पर गए थे। दिल्ली पुलिस का चुनाव आयोग के साथ बेहतर तालमेल बनाए रखा। सोशल मीडिया पर नजर रखी गई।

ओखला से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार अमानुल्लाह खान के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने जामिया नगर थाने में मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि उन्होंने चुनाव आचार संहिता का बीती रात उल्लंघन किया। वह बीती रात बड़ी तादाद में लोगों को अपने साथ लेकर अपने विधानसभा क्षेत्र में घूम रहे थे।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

## प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की नई शाखाओं का शुभारंभ

# शास्त्री नगर, मेरठ, मुरादनगर गाजियाबाद में उपलब्ध होंगी उन्नत बैंकिंग सेवाएं

एनपीटी ब्यूरो

मेरठ। प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक अपने ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के संकल्प के तहत मेरठ के शास्त्री नगर व मुरादनगर गाजियाबाद इलाके में नई शाखाओं का शुभारंभ कर रहा है। इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज एवं वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक राम औतार शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इन नई शाखाओं के उद्घाटन के अवसर पर बैंक अध्यक्ष ने कहा कि प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के ग्राहकों को समर्पित वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। शास्त्री नगर मेरठ व मुरादनगर गाजियाबाद में इन नई शाखाओं के खुलने से स्थानीय निवासियों और व्यवसायियों को आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिलेगा। वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक ने इस मौके पर बैंक की ग्राहक केंद्रित नीतियों और डिजिटल बैंकिंग सेवाओं पर



जोर देते हुए कहा कि यह शाखा ग्राहकों को खाते खोलने, ऋण सुविधाएं प्राप्त करने, डिजिटल बैंकिंग, एटीएम सेवाएं और अन्य बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेगी। इस उदघाटन समारोह में बैंक के उपक्षेत्रीय प्रबन्धक सुमित गुप्ता, मेरठ की मुख्य शाखा मेरठ के मुख्य प्रबन्धक शनि प्रकाश, शाखा प्रबन्धक जय प्रकाश मिश्रा व मुरादनगर गाजियाबाद शाखा प्रबंधक सचिन शिसोदिया, क्षेत्रीय कार्यालय सामान्य प्रशासन प्रभारी नितिन वर्मा, अधिकारी प्रभात शर्मा एवं आदि स्टाफ और गणमान्य व्यक्तियों, ग्राहकों एवं मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। मेरठ क्षेत्र में नवीन शाखा के सुअवसर को अनुगामी दिशा देते हुए एक अन्य नवीन शाखा, शाखा मुरादनगर (जनपद गाजियाबाद) का भी सफल शुभारंभ गणमान्यों की उपस्थिति में पूर्ण किया गया।

बैंक की इस पहल का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना और ग्राहकों को सुविधाजनक बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराना है।

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं पुरराज प्रिंटिंग एंड पैकिंग प्राइवेट लिमिटेड प्रेस ई-19,सेक्टर-6,नोएडा, गौतमबुद्धनगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।